खबर संक्षेप

### पेंशन भुगतान में न हो देरीः जिला पेंशन अधिकारी

**शहडोल।** जिला पेंशन अधिकारी शहडोल ने बताया है कि शासन के निर्देशानुसार सेवा निवृत्त होने वाले शासकीय सेवकों के पेंशन प्रकरण 3 माह पूर्व जिला पेंशन कार्यालय को प्रस्तुत करनें के निर्देश हैं। उन्होंने बताया कि 30 अप्रैल 2025 को सेवा निवृत्त होने वाले शासकीय सेवकों के पेंशन प्रकरण संबंधित आहरण संवितरण अधिकारी द्वारा पेंशन कार्यालय को प्रस्तुत नहीं किए गए हैं। जिससे शासकीय सेवकों के पेंशन प्रधिकारपत्र तथा पेंशन उपादानों के भुगतान में विलंब हो सकता है। आपने जिले के सभी आहरण संवितरण अधिकारियों से आग्रह किया है कि सेवा निवृत्त होने वाले शासकीय सेवकों के पेंशन प्रकरण अविलंब जिला पेंशन कार्यालय को प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें।

### जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत किया गया बोरी बंधान का कार्य

**शहडोल।** जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के तत्वाधान में विकास खण्ड सोहागपुर में ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति सारंगपुर में बेलहाई नदी में बोरी बंधान किया गया, इस नदी का उद्गम स्थल तलैया पानी से है, जो पहाड़ के नीचे है, वहीं से नदी आई हुई है, इस बोरी बंधान करने से वहां के किसान बहुत खुश हुए और उन्होंने यह भी कहा कि हम अब इसमें मोटर लगा करके अपने खेतों की सिंचाई कर लिया करेंगे। बोरी बंधान कार्य में सरपंच श्रीमती मीना कोल, विकासखंड समन्वयक प्रिया सिंह बघेल, नवाकुर संस्था रघुकुल सामाजिक समाज एवं मानव कल्याण समिति से कार्यक्रम समन्वयक मैना साहू, बी.एस.डब्लू एवं एम एस डब्लू के छात्र अशोक कोल, भोला साहू एवं आलोक जायसवाल प्रस्फुटन समिति से संजय जायसवाल एवं अन्य लोगों ने श्रमदान किया।

### कमिश्नर ने सुनी लोगों की समस्याएं, दिये निराकरण के निर्देश



**शहडोल।** कमिश्नर श्रीमती सुरभि गुप्ता ने संभाग के दूर-दराज से आए लोगों की समस्याएं और शिकायतें सुनी और समस्याओं तथा शिकायतों का निराकरण समय-सीमा में करने के निर्देश संबंधित विभाग के अधिकारियों को दिए। जनसुनवाई में इन्द्रवती यादव पति स्व. सीताशरण यादव ग्राम पोस्ट नेउसा, जनपद पंचायत पाली जिला उमरिया ने कमिश्नर को आवेदन देते हुए बताया कि उनके पति स्व. सीताशरण यादव की मुत्यु दुर्घटना के कारण 5 फरवरी 2025 को हो गई थी। उन्होनें मृत्यु के बाद मिलने वाली सहायता राशि के लिए कई बार आवेदन किया है। लेकिन अभी तक उनकों उनके पति की मृत्यु के बाद मिलने वाली सहायता राशि का लाभ नहीं दिलाया गया है। उनका कहना था कि उनको सहायता राशि का लाभ दिलाया जाए। जिस पर कमिश्नर शहडोल संभाग श्रीमती सुरभि गुप्ता ने संबंधित विभाग के अधिकारी को आवेदन प्रेषित कर कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

जन सुनवाई में सूरज बाई ग्राम पंचायत पड़मनिया जिला अनूपपुर ने कमिश्नर को आवेदन देते हुए बताया कि उनके पति स्वर्गीय श्री देवी सिंह की मृत्यु 16 जून 2022 को हो गई थी। पति की मृत्यु के बाद विधवा पेंशन हेतु उन्होनें कई बार ग्राम पंचायत में आवेदन किया है। आवेदन करने के बाद भी उन्हें विधवा पेंशन का लाभ प्राप्त नहीं हो रहा है। उनका कहना था कि उन्हें विधवा पेंशन दिलाया जाए। जिस पर कमिश्नर शहडोल संभाग श्रीमती सुरभि गुप्ता ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को आवेदन प्रेषित कर कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

## न सीमांकन रिपोर्ट दे रहा

# राजस्व अमला न तो अतिक्रमण हटा रहा

### हफ्तों से क्रमिक अनशन पर बैठे हैं वार्डवासी, जनसुनवाई में शिकायत भी

हरिभूमि न्यूज, शहडोल।

किरण स्ट्रीट अंतर्गत स्थित खसरा नंबर 72 की नजूल भूमि पर जबरिया कब्जा किए जाने के मामले में लगातार नागरिकों का विरोध जारी है। 5 अप्रैल से नागरिक यहां क्रमिक अनशन पर बैठे हैं। इस संबंध में उनके द्वारा कमिश्नर व कलेक्टर का ध्यान भी जनसुनवाइयों के माध्यम से आकृष्ट कराया गया है। नागरिकों ने बताया कि तहसीलदार सोहागपुर के नेतृत्व में आराजी स्थल का सीमांकन किए जाने और नजूल भूमि पाए जाने के बावजूद कब्जा नहीं हटाया जा रहा है। जबकि राजस्व अमले द्वारा यह आवश्वासन दिया गया था कि 4-5 दिन में अतिक्रमण खाली करा दिया जाएगा। ज्ञातव्य है कि आराजी खसरा नंबर 72 के अंश रकबे पर एक प्राचीन बावली निर्मित थी जिसे चपरा परिवार द्वारा पाटने और फैंसिंग कराने का काम किया गया है। जिस स्थल पर कब्जा किए जाने का प्रयास चल रहा है वह स्थल शुरू से ही वार्डवासियों के सांस्कृतिक कार्यक्रमों का स्थल रहा है। अब चपरा परिवार अपने राजनीतिक रसूख का दुरुपयोग कर उसे हड़पने की फिराक में है। जिसका वार्डवासी विरोध कर रहे हैं।




#### नहीं हट रहा अतिक्रमण

नागरिकों ने कमिश्नर व कलेक्टर की जनसुनवाई में लेख किया है कि किरण स्ट्रीट नवदुर्गा उत्सव समिति एवं आमजन द्वारा शासकीय नजूल भूमि पर किए जा रहे अतिक्रमण के विरुद्ध माह फरवरी से लगातार प्रशासन का ध्यान आकृष्ट किया जा रहा है। लेकिन कार्रवाई नहीं होने पर अतिक्रमित भूमि के समीप ही 5 अप्रैल से क्रमिक अनशन पर बैठे हुए हैं। जब इस संबंध में भाजपा जिला अध्यक्ष ने सीमांकन हेतु तहसीलदार को ज्ञापन दिया तो संबंधित भूमि का सीमांकन किया गया जिसमें उक्त रकबा नजूल भूमि पाया गया। इस पर तहसीलदार ने विरोध जता रहे नागरिकों को आश्वस्त किया कि जल्द ही 4-6 दिन के अंदर अतिक्रमण हटवा दिया जाएगा। लेकिन आज तक अतिक्रमण नहीं हटा, सोहागपुर राजस्व अमले द्वारा अतिक्रमण हटाने हेतु कोई रुचि नहीं दिखाई जा रही है।

#### सार्वजनिक नहीं कर रहे रिपोर्ट

नागरिकों ने आरोप लगाया कि तहसीलदार के नेतृत्व में हुए सीमांकन में संबंधित रकबा नजूल भूमि पाए जाने के बाद भी अमला सीमांकन रिपोर्ट को सार्वजनिक नहीं कर रहा है। जिससे आमजन व प्रदर्शन करने वाले चिंतित व पशोपेश की स्थिति में हैं। चूंकि चपरा परिवार इस समय उच्च राजनीतिक पहुंच रखता है, इसलिए उसके दबाव में आकर कहीं प्रशासन द्वारा उस सीमांकन रिपोर्ट को दबा न दिया जाए। शंका जताई जा रही है कि चपरा परिवार कहीं रिकार्ड को भी न खुर्द-बुर्द करा दे। इसलिए रिपोर्ट का शीघ्रता से सार्वजनिक किया जाना अनिवार्य है। इस ओर भी नागरिकों ने कमिश्नर से आग्रह किया है कि रिपोर्ट को सार्वजनिक करने निर्देशित किया जाए साथ ही अतिक्रमण को हटवाया जाए।

#### जल गंगा अभियान चलाएं

नागरिकों ने कलेक्टर व कमिश्नर से मांग की है कि बावड़ी का स्थल चूंकि नजूल की भूमि है, इसलिए उसका अतिक्रमण खाली करा कर वहा जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत साफ सफाई कराई जाए और उसे सार्वजनिक उपयोग के लिए खोल दिया जाए। इस स्थल पर 50 वर्षों से भी अधिक समय से सांस्कृतिक कार्यक्रम होते रहे हैं। यदि जल गंगा अभियान का लाभ दिलाया जाता है तो बावड़ी का जल पुनः उपयोग के लायक बन सकता है। ज्ञातव्य है कि इस स्थल को चपरा परिवार अपनी निजी भूमि बता कर अतिक्रमण करने का प्रयास कर रहा है। जिससे न केवल बावड़ी का अस्तित्व समाप्त हो जाएगा बल्कि वार्डवासियों के सांस्कृतिक कार्यक्रम भी बंद हो जाएंगे।

#### स्थगन आदेश का उल्लंघन

प्रदर्शनकारी नागरिकों ने एसपी का ध्यान भी आकृष्ट कराया है। शिकायतकर्ताओं ने लेख किया है कि बावली की भूमि को अतिक्रमण करने के मामले में सोहागपुर एसडीएम का पूर्व से स्थगन आदेश है। इसके बावजूद चपरा परिवार द्वारा उसमें गेट लगाकर तार से फैंसिंग करा कर हड़पने का प्रयास किया जा रहा है। जबकि दूसरों को इसी परिवार द्वारा स्टे का हवाला देकर वहां प्रवेश करने से रोका जा रहा है। साथ ही विरोध करने वाले नागरिकों को झूंठे मामले, मुकद् मों में फसा देने की धमकी दी जा रही है। एसपी से नागरिकों ने मांग की है कि स्थगन आदेश का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध दण्डात्मक कार्रवाई की जाए।

### एनएसयूआई ने महाविद्यालय प्रारंभ करने मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

शहडोल। एनएसयूआई के जिला अध्यक्ष सौरभ तिवारी के नेतृत्व में एनएसयूआई ने कलेक्टर के द्वारा मुख्यमंत्री को जिला मुख्यालय शहडोल में शैक्षणिक सत्र 2025-26 से नवीन महाविद्यालय प्रारंभ करने के लिए ज्ञापन दिया। छात्र संगठन के जिला अध्यक्ष सौरभ तिवारी ने अनुरोध किया है कि जिला मुख्यालय में पूर्व में छात्र-छात्राओं की मांग पर मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान एवं वर्तमान सरकार में मुख्यमंत्री मोहन यादव ने शहडोल प्रवास के समय जिला मुख्यालय शहडोल में एक नवीन महाविद्यालय प्रारंभ किए जाने की घोषणा की थी, जिसके परिपालन में कार्यालय आयुक्त उच्च शिक्षा विभाग भोपाल द्वारा शहडोल में नवीन महाविद्यालय प्रारंभ किए जाने का पूर्ण प्रस्ताव समस्त पद सृजन सहित प्रशासकीय विभाग उच्च शिक्षा विभाग मंत्रालय भोपाल को प्रेषित कर दिया गया था। विधानसभा निर्वाचन 23 एवं लोकसभा निर्वाचन चौक 2024 के आचार संहिता लग जाने के कारण नवीन महाविद्यालय प्रारंभ नहीं हो सका था। फिर प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा शहडोल के प्रवास के समय छात्र-छात्राओं द्वारा पुनः नवीन महाविद्यालय प्रारंभ की जाने की घोषणा को स्मरण कराया, तब मुख्यमंत्री मोहन यादव द्वारा नवीन महाविद्यालय शीघ्र प्रारंभ करवाए जाने का आश्वासन दिया गया था, जिसके फलस्वरुप 6 जनवरी 2025 को कार्यालय आयुक्त उच्च शिक्षा विभाग सतपुड़ा भवन भोपाल द्वारा शहडोल में नवीन महाविद्यालय खोले जाने का पूर्ण प्रस्ताव प्रशासकीय विभाग उच्च शिक्षा विभाग मंत्रालय भोपाल को प्रेषित कर दिया गया। एनएसयूआई ने मुख्यमंत्री से मांग की है कि आपने जो घोषणा छात्र-छात्राओं की अध्ययन अध्यापन की आवश्यकता को दृष्टिगत रखते हुए की थी, उसके तहत शैक्षणिक सत्र 2025 - 26 से जिला मुख्यालय में स्थित पंडित शंभूनाथ शुक्ला स्नातकोत्तर महाविद्यालय शहडोल के पुराने भवन को ही में ही नवीन महाविद्यालय प्रारंभ किए जाने के लिए उच्च शिक्षा विभाग को त्वरित कार्रवाई के लिए आदेशित करें। ज्ञापन सौंपते समय प्रमुख रूप से एनएसयूआई जिलाध्यक्ष सौरभ तिवारी, जिला उपाध्यक्ष शुभम सोंधिया, जिला उपाध्यक्ष सिमरन कौर, जिला महासचिव हर्ष गौतम, नगर अध्यक्ष शिवांशु साहू, नगर उपाध्यक्ष कृष्ण सिंह, विश्वविद्यालय महासचिव ओम साहू, हिमांशु गुप्ता मौजूद रहे।

## 24 घंटे में लूट के 4 आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज, शहडोल।

जिले के ब्यौहारी थाना में 27 अप्रैल को फरियादी सत्यम प्रजापति पिता तेजराम प्रजापति उम्र 23 वर्ष निवासी ग्राम कुँआ थाना पपौंध रिपोर्ट दर्ज कराई कि सुबह 11.00 बजे अपने घर कुँआ से मैं अपनी पत्नी सावित्री प्रजापति के साथ मोटर सायकल से गोदावल मंदिर ब्यौहारी दर्शन करने के लिये आये थे जो मेरे फुफेरा भाई शिवम प्रजापति एव उमेश प्रजापति दोनो मोटर सायकल से ब्यौहारी मे मिले, इसके बाद हम चारो 02 मोटर सायकिल से गोदावल मंदिर ब्यौहारी दर्शन के लिये गये थे। गोदावल मंदिर मे दर्शन करने के बाद चारो लोग गोदावल मंदिर से ब्यौहारी आ रहे थे। तभी मंदिर से करीबन 300 मीटर दूर मौहार मेला पार्किग स्थान के पास सूनसान स्थान पर एक मोटर सायकल मे चार लडक़े मिले और हम लोगो को रोक लिये, चारो लोग हम लोगो से बोले कि तुम लोग कितना पैसा रखे हो, अपना अपना मोबाईल एवं पैसा निकालो तथा मोबाईल पैसा छुड़ाने लगे तथा मेरी पत्नी की फोटो अपने मोबाइल मे खींच लिये और बोले की तुम लोगो की फोटो वायरल कर दूंगा।



इसके बाद चारो लडक़े लपटकर मुझे जमीन मे पटक दिये और मारपीट कर मेरे पैन्ट के जेब से मोबाईल तथा पीछे के जेब मे रखा पर्श जिसमे मेरा तथा पत्नी का आधार कार्ड, अपना पैन कार्ड व यश बैक का एटीएम, ब्लूटूथ तथा 3500 रुपये नगद जबरन छीन लिये तथा मेरी पत्नी के पर्श मे रखा 200 रुपये छुड़ा लिये, जब चारो लडक़े मुझे पटक कर मारपीट कर रहे थे, उसी समय शिवम प्रजापति ने उनकी मोटर सायकल का पीछे से नम्बर प्लेट की फोटो अपने मोबाईल में ले लिया था, घटना के बाद चारो लडक़े अपनी मोटर सायकल में बैठकर ब्यौहारी की ओर भाग गये, पुलिस ने धारा 309(6) बीएनएस का पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया।

उक्त प्रकरणों को गंभीरता से लेते हुए पुलिस अधीक्षक द्वारा एस.डी.ओ.पी. ब्यौहारी एवं थाना प्रभारी ब्यौहारी एवं अधीनस्थ स्टाफ को अज्ञात आरोपियों की पता तलाश कर गिरफ्तारी करने के लिए निर्देशित किया गया था। थाना प्रभारी ब्यौहारी द्वारा अज्ञात आरोपियों की पता तलाश हेतु 02 टीमों का गठन किया कर लगातार पता तलाश की गई, पता तलाश के दौरान मुखबिर द्वारा सूचना मिली कि मोटर सायकल एमपी 18 जेडई 7645 से घटना को अंजाम देने वाले आरोपियो मे से 02 आरोपी ब्यौहारी वार्ड क्रमांक 07 के है। पुलिस द्वारा सक्रियता से तलाश कर आरोपी भारत चौधरी पिता छोटे लाल चौधरी उम्र 20 वर्ष, सागर चौधरी पिता गुलाब चौधरी उम्र 20 वर्ष दोनो निवासी वार्ड क्रमांक 07 ब्यौहारी, अमन कुमार साकेत पिता जागेन्द्र प्रसाद साकेत उम्र 22 वर्ष निवासी बरहाटोला एवं भरतलाल साकेत पिता सौखी लाल साकेत उम्र 19 वर्ष निवासी ग्राम चचाई देवलोंद हाल ब्यौहारी को पुलिस अभिरक्षा मे लेकर पूछताछ की गई जिस पर आरोपीगण द्वारा मिलकर अपराध घटित करना स्वीकार किया गया आरोपीगण के मेमोरण्डम के आधार पर उनके द्वारा लूटा गया एन्ड्राइड मोबाइल, आधार कार्ड, अपना पैन कार्ड, एटीएम, ब्लूटूथ एवं नगदी कुल कीमती करीबन 18500 रूपये जप्त करने मे सफलता मिली है। जिन्हे न्यायालय पेश किया गया।

उक्त कार्यवाही पुलिस अधीक्षक रामजी श्रीवास्तव के मार्गदर्शन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अभिषेक दीवान तथा एस.डी.ओ.पी. रवि प्रकाश कोल के दिशा निर्देशन मे ब्यौहारी पुलिस द्वारा की गई। कार्यवाही मे थाना प्रभारी अरूण पाण्डेय एवं अधीनस्थ स्टाफ उपनिरीक्षक मोहन पडवार, आरक्षक त्रिलोक सिंह, अजीत यादव, पंकज मेहरा,गंगासागर गुप्ता की भूमिका रही है।

### विश्वविद्यालय के कुलगुरु होंगे विश्वविद्यालय स्थायी समिति के अध्यक्ष

## शिक्षा क्षेत्र में व्यापक अनुभव को मिला नया दायित्व

हरिभूमि न्यूज, शहडोल।

मध्यप्रदेश शासन, उच्च शिक्षा विभाग, मंत्रालय, भोपाल द्वारा 28 अप्रैल को जारी आदेश के अनुसार पं. शंभुनाथ शुक्ला विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रोफेसर राम शंकर को मध्यप्रदेश विश्वविद्यालय समन्वय समिति की स्थायी समिति का अध्यक्ष मनोनीत किया गया है। यह मनोनयन कुलाधिपति एवं राज्यपाल मंगुभाई पटेल की स्वीकृति से किया गया। प्रो. राम शंकर शिक्षा जगत की एक प्रतिष्ठित शख्सियत हैं। उन्हें उच्च शिक्षा के क्षेत्र में चार दशकों से अधिक का अनुभव प्राप्त है। उन्होंने शैक्षणिक अनुसंधान, प्रशासनिक सुधार, पाठ्यक्रम विकास और शिक्षण में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। पं. शंभुनाथ शुक्ला विश्वविद्यालय में



कुलगुरु के रूप में कार्य करते हुए उन्होंने कई नवाचारों को प्रोत्साहन दिया है, जिनमें डिजिटल शिक्षा, उद्योग-शिक्षा समन्वय, और ग्रामीण क्षेत्र में उच्च शिक्षा की पहुंच बढ़ाना शामिल है।

#### विश्वविद्यालय समन्वय समिति की भूमिका

मध्यप्रदेश विश्वविद्यालय समन्वय समिति राज्य के विभिन्न विश्वविद्यालयों के बीच शैक्षणिक, प्रशासनिक एवं नीति-निर्माण संबंधी समन्वय स्थापित करने वाली एक महत्वपूर्ण संस्था है। यह समिति विश्वविद्यालयों के बीच सहयोग, संसाधनों के साझा उपयोग, पाठ्यक्रम एकरूपता, परीक्षाओं के आयोजन, शिक्षकों की गुणवत्ता बढ़ाने तथा नीतिगत सुझाव देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। स्थायी समिति इस समन्वय समिति का कार्यकारी अंग होती है, जो त्वरित निर्णय लेकर विश्वविद्यालय संचालन में सहूलियत प्रदान करती है।

#### शिक्षा जगत में स्वागत

प्रो. राम शंकर के इस मनोनयन को शिक्षा क्षेत्र के विशेषज्ञों ने सराहा है। उनका मानना है कि इस नियुक्ति से राज्य के उच्च शिक्षा संस्थानों में बेहतर तालमेल, गुणवत्ता में सुधार और समग्र विकास को बल मिलेगा। शिक्षाविदों ने उम्मीद जताई है कि प्रो. शंकर की अगुवाई में विश्वविद्यालय समन्वय समिति राज्य में उच्च शिक्षा के लिए एक प्रभावी मार्गदर्शक की भूमिका निभाएगी। इस घोषणा से समस्त विश्वविद्यालय परिवार में हर्ष व्याप्त है इस अवसर पर सभी ने बधाईयाँ दी है।

## अविद्युतीकृत शालाओं की सूची कार्यपालन यंत्री को उपलब्ध कराएं: कलेक्टर

शहडोल।

कलेक्टर डॉ.केदार सिंह ने बताया कि शासन द्वारा शत-प्रतिशत प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालयों को विद्युतीकृत करने के निर्देश प्राप्त हुए हैं। श्री सिंह ने जिला परियोजना समन्वयक सर्व शिक्षा अभियान को निर्देश दिए कि जिले में जितनी भी प्राथमिक एवं माध्यमिक शालाएं अविद्युतीकृत हैं, उनकी सूची कार्यपालन यंत्री विद्युत मंडल को उपलब्ध कराई जाए। सूची में संबंधित शालाओं को प्राधानाध्यापक के नाम एवं मोबाईल नंबर भी उपलब्ध कराए जाएं। समीक्षा बैठक में अपर कलेक्टर सरोधन सिंह, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व सोहागपुर अरविंद शाह, डिप्टी कलेक्टर श्रीमती ज्योति परस्ते, भागीरथी लहरे सहित विभिन्न विभागों के जिला प्रमुख अधिकारी उपस्थित रहे।



## विश्वविद्यालय की नवीन वेबसाइट का सफल शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज, शहडोल।

पंडित शंभूनाथ शुक्ला विश्वविद्यालय ने तकनीकी उन्नयन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बढ़ाते हुए अपनी नवीनतम वेबसाइट का सफलतापूर्वक शुभारंभ कर लिया है। इस तकनीकी उपलब्धि ने विश्वविद्यालय परिवार को उत्साह, गर्व और संतोष से भर दिया है। इस उपलब्धि का श्रेय विश्वविद्यालय के कुशल नेतृत्व को जाता है। कुलगुरु प्रो. रामशंकर जी के दूरदर्शी मार्गदर्शन और तकनीकी नवाचार के प्रति उनकी प्रतिबद्धता ने इस परियोजना को दृढ़ दिशा



प्रदान की। साथ ही, कुलसचिव डॉ. आशीष तिवारी की प्रशासनिक सक्रियता और योजनाबद्ध सहयोग ने इस तकनीकी विकास को सशक्त आधार प्रदान किया। प्रो.प्रमोद पाण्डेय के अनुभवजन्य ज्ञान का उपयोग कर वेबसाइट निर्माण के बारीकियों को समझा गया और एक ऐसी प्रभावशाली वेबसाइट बनायीं गयी जिससे छात्रों को कई प्रकार की सुबिधाये प्राप्त होगी। तकनीकी टीम का नेतृत्व कर रहे डॉ. शरद बरवे आईटी प्रभारी विश्वविद्यालय ने अपनी तकनीकी दक्षता से वेबसाइट विकास कार्य को दक्षतापूर्वक संचालित किया। उनकी तकनीकी रणनीतियों एवं निरंतर निगरानी ने वेबसाइट को समयसीमा के भीतर पूर्ण रूप देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

### गुड्डू अकरम को कलेक्टर ने किया जिला बदर

**शहडोल।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट डॉ. केदार सिंह ने म.प्र.राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 की धारा 3.1, धारा-5 की कंडिका (क) एवं (ख) तथा सहपठित धारा 7 के अंतर्गत प्राप्त शक्तियों के तहत गुड्डू अकरम उर्फ राशिद पिता सदरे आलम उम्र 29 वर्ष निवासी वार्ड नंबर 16 कच्छी मोहल्ला धनपुरी, थाना धनपुरी को लगातार अपराधिक गतिविधियों में संलग्न होने पर जिला शहडोल म.प्र की चतुर्दिक राजस्व सीमा तथा सीमा में लगे हुए म.प्र. राज्य के जिलों सीधी, मैहर, उमरिया, एवं अनूपपुर की चतुर्दिक राजस्व की सीमाओं से 06 माह की कालावधि के लिये निष्कासित कर दिया है। जारी आदेश में कहा गया है कि आदेश का उल्लंघन करते पाये जाने पर अनावेदक के विरूद्ध म.प्र. राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 की धारा 14 के अंतर्गत कार्यवाही की जाएगी।



**खबर संक्षेप**

## हज यात्रियों का किया गया टीकाकरण



**उमरिया हरिभूमि न्यूज ।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एस.बी.चौधरी ने बताया कि हज प्रशिक्षक अल्हज मोहम्मद सरीफ व्दारा हज यात्रियों को प्रशिक्षण दिया गया तत्पश्चात हज यात्रियों का स्वास्थ्य परीक्षण करते हुए 60 वर्ष से अधिक उम्र के 7 हज यात्रियो को एसआईव्हीं वैक्सीन तथा 60 वर्ष से कम उम्र वाले 9 हज यात्रियों को क्यूएमएमआर की वैक्सीसन जिला चिकित्सालय में लगाई गई । इस अवसर पर जिला टीकाकरण अधिकारी भी उपस्थित रहे ।

## कथली नदी में किया गया बोरी बंधान



**उमरिया हरिभूमि न्यूज ।** अपनी मिट्टी अपना जल नवाचार के तहत चंदिया नगर परिषद में जीवनदायनी कथली नदी में बोरी बंधान किया गया। बोरी बंधान के माध्यम से बोरी बंधान करके बहते हुए पानी को रोकने तथा नवाचार को सफल इस अवसर पर नगर परिषद चंदिया के मुख्य नगर परिषद अधिकारी रोहित उपाध्याय नगर परिषद चंदिया स्वच्छता निरीक्षक जानकी दास मिश्र सुखनंदन हरिजन संदीप शर्मा , जन अभियान परिषद से राघवेंद्र द्विवेदी परामर्शदाता , सीएमसीएलडीपी छात्र पंकज कोरी, रम्पत यादव, प्रभात सिंह राजपूत, गुड्डा रजक, अनिल बर्मन, आशुतोष शर्मा सभी ने मिलकर जल संरक्षण के इस पुनीत कार्य में सक्रिय भागीदारी निभाई ।

## डिप्टी कलेक्टर ने सुनी आम जनों की समस्यायें



**उमरिया हरिभूमि न्यूज।** साप्ताहिक जनसुनवाई कार्यक्रम में डिप्टी कलेक्टर मीनांक्षी इंगले, सीईओ जनपद पंचायत करकेली हरनीत कौर कलसी ने जिले के दूर दराज से आए लोगों की समस्याओं को सुना तथा उसका निराकरण भी कराया । जनसुनवाई में अजीत व्दिवेदी ग्राम मुडगुडी ने ट्रांसफार्मा शिफ्टिंग कराने, धन्नू सोनी पिपरिया ग्राम ने सरपंच व्दारा ट्रेक्टर का भाड़ा नही देने तथा मांगने पर धमकी देने, सरमन यादव ग्राम बिलाईकाप ने एन एच 43 सडक़ निर्माण में अधिग्रहित भूमि का मुआवजा दिलाने, होल्कारी काछी उमरिया बकेली ने 1 एचपी का कनेक्शन होने के बावजूद 5 एचपी का बिल आने, गुलाब चंद्र विश्वकर्मा ग्राम धौरई ने परिवार के सदस्यों के हिसाब से कोटेदारों व्दारा राशन नही देने, शारदा प्रसाद तिवारी सिंगलटोला ने पटवारी धर्मशाह पूर्व हल्का पटवारी कछरवार से मकान खाली कराने संबंधी आवेदन दिया। जनसुनवाई में अन्य जिला अधिकारियों ने भी समस्याओं को सुना एवं निराकरण किया।

## बाल विवाह रोके जाने के संबंध में दिशा निर्देश जारी

**उमरिया हरिभूमि न्यूज।** जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग मनमोहन सिंह कुशराम ने बताया कि बाल विवाह जैसी सामाजिक कुप्रथा को समाप्त करने एवं जनसामान्य की मानसिकता में बदलाव लाने के उद्देश्य से वर्ष 2013 से प्रदेश में लाडो अभियान प्रारम्भ किया गया था। अभियान अंतर्गत 30 अप्रैल 2025 अक्षय तृतीया विवाह मूहूर्त के अवसर पर सामूहिक विवाह संपन्न होते है जिसमें बाल विवाह होने की प्रबल संभावना होती है। उन्होंने कहा है कि विवाह पर निगरानी रखते हुए अभियान अंतर्गत बाल विवाह रोकथाम हेतु जैसे विद्यार्थियों में जागरूकता हेतु शिक्षा विभाग, शपथ (पंच/सरपंच/सचिव) हेतु पंचायत विभाग, रैली हेतु स्कूली बच्चों एवं आंगनवाडी के बच्चो हेतु शिक्षा एवं महिला बाल विकास विभाग, गांवो में समूह में चर्चा स्व सहायता समूहों की दीदीयों अजीविका मिशन, बाल विवाह रोकने हेतु समस्त विभाग के सहयोग हेतु पुलिस विभाग व्दारा दिये गये निर्देश का पालन करते हुये कार्यवाही करना सुनिश्चित करें।

मूल्यांकन के बाद भी नहीं दिख रही उपयंत्री, एसडीओ को खामी

# ...तो भगवान विश्वकर्मा ने किया मरम्मत कार्य !

### ग्राम पंचायत देवरी मजिरा में जिम्मेदारों ने किया खेल

**उमरिया हरिभूमि न्यूज।** सरकार की ओर से गांव के विकास के वास्ते भेजा गया पैसा बीच में ही हड़प कर लिया जा रहा है। सरकार भ्रष्टाचार को खत्म करने के लाख दावे करती हुई नजर आ रही हो लेकिन सरकार के ये सरे दावे जनपद करकेली में खोखले साबित हो रहे है। अधिकारी-कर्मचारियो की मिली भगत से लाखों का बंदरबांट किया जा रहा है। सरकार की तमाम सख्ती के बावजूद ग्राम पंचायतों में फर्जीवाड़ा और घोटाला थमने का नाम नहीं ले रहा है, अक्सर ग्राम पंचायतों में चल रहे विकास कार्यो में घोटाले की खबरे सामने आती रहती है, ग्रामीण क्षेत्रों की भोली-भाली जनता द्वारा चुने गए प्रतिनिधि अर्थात सरपंच, सचिव, रोजगार सहायक और उपयंत्री द्वारा निर्माण कार्यो में तकनीकी मापदण्डों एवं कायदों की खुलकर धज्जियां उड़ाई जा रही है, लेकिन शिकायतों के बावजूद कार्यवाही न होना कहीं न कहीं वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों की कार्यशैली पर प्रश्न चिन्ह लगाता है।

### उपयंत्री ने नहीं जताई आपत्ति

देवरी मजिरा पंचायत में संतोष कोल के घर से घुलघुली तक सी सी रोड मरम्मत कार्य 02 अक्टूबर 2024 को स्वीकृत हुआ था, इसका बजट 3 लाख 85 हजार रूपये निर्धारित किया गया था। उक्त निर्माण में मजदूरी व्यय नहीं दर्शाया गया था और निर्माण एजेंसी पंचायत को बनाया गया था, उक्त निर्माण कार्य में 3 लाख 76 हजार रूपये निर्माण सामग्री पर व्यय कर दिया गया, लेकिन मजदूरी पर एक रूपये का भुगतान नहीं किया गया, उपयंत्री ने भी यह विसंगति देखी होगी, लेकिन कोई आपत्ति नहीं लगाई।




### भगवान आकर पुलिया बना गये साहब

देवरी मजिरा ग्राम पंचायत में 3 लाख 85 हजार का लागत स सा सा राड मरम्मत के मरम्मत कार्य में गजब का कारनामा पंचायत द्वारा किया गया है, मजे की बात तो यह है कि उक्त मरम्मत कार्य में मजदूरों ने काम तक नहीं किया और मरम्मत कार्य हो गया, संभवतः उपयंत्री द्वारा मूल्यांकन भी किया गया होगा, लेकिन उन्होंने इस बिन्दु पर किसी प्रकार की प्रतिवेदन जनपद के मुखिया को नहीं दिया। निर्माण एजेंसी द्वारा आखिर कैसे बगैर मजदूर के निर्माण कार्य करा लिया, यह सोचनीय पहलू है। उक्त निर्माण कार्य में मॉ ज्वाला एवं मेसर्स अफसाना वेलंडिग वर्क को भुगतान हुआ है, खबर है कि उक्त फर्म धरातल पर मौजूद नहीं है, लेकिन सत्ताधारी दल के नेताओं के दबाव में सचिव ने भुगतान किया है, पंचायत में एक अर्से से नियमविरुद्ध ऑफ रिकार्ड ठेका पद्धति चल रही है।

### चहेतों को बांट दी रेवड़ी

ग्रामीणों ने धांधलियों की सदैव शिकायत की, लेकिन कार्रवाई कभी नहीं हुई। अगर पंचायतों में हुए निर्माण कार्यों का भौतिक सत्यापन कराया जाए तो, अधिकांश कार्य गुणवत्ताविहीन ही पाए जाएंगे, लेकिन न तो उपयंत्रियों को इससे कोई मतलब है। इस पंचायत में भी कई कार्य आज भी अपूर्ण पड़े हुए हैं। केवल बजट का दुरुपयोग किए जाने और अपनी तिजोरी भरने के अलावा पंचायत में कुछ नहीं हो रहा है। शासकीय योजनाओं का लाभ भी सचिव रेवड़ी की तरह अपने चहेतों को बांट रहे हैं। जो कि सरासर नियम विरुद्ध है।

### इनका कहना है...

मजदूरी का भुगतान के संबंध में अभी ज्यादा जानकारी नहीं है, निर्माण ठेके पर दिया गया होगा, क्योंकि वर्गफिट में कार्य होता है, संभवतः पैसा वेण्डर के खाते में कर दिया गया होगा।

**सुनील सिंह**
**उपयंत्री**
**जनपद पंचायत,**

# उमरिया हॉकी के स्वर्णिम इतिहास को यहां के नौनिहाल खिलाड़ी बढ़ाएंगे आगे-आशुतोष

### 7 वीं साइड हॉकी लीग का हुआ भव्य समापन



**उमरिया हरिभूमि न्यूज।** नगर के अमर शहीद स्टेडियम में 22 अप्रैल से 7 वीं हॉकी लीग टूर्नामेंट प्रारंभ किया गया था, जिसका भव्य समापन 28 अप्रैल को संपन्न हुआ है। हॉकी टूर्नामेंट के समापन कार्यक्रम के अवसर पर मुख्य अतिथि जनप्रतिनिधि आशुतोष अग्रवाल, विशिष्ट अतिथि के रूप में मिथिलेश मिश्रा उपस्थित रहे। समापन का फाइनल मैच ब्लैक आर्मी और ऑरेंज आर्मी के मध्य खेला गया, जिसमें ऑरेंज आर्मी ने 2-1 से फाइनल मैच जीत लिया। मुख्य अतिथि सहित अन्य अतिथियों ने दोनों टीमों के खिलाडिय़ों से परिचय प्राप्त किया। मुख्य अतिथि आशुतोष अग्रवाल ने मैदान में दोनों टीमों के मध्य टास कराया। इस दौरान फाइनल मैच खेल रहे दोनों टीमों के अलावा हॉकी सीख व खेल रहे नौनिहाल बच्चों ने भी अतिथि को अपना परिचय देकर उनका स्वागत किया । आशुतोष अग्रवाल ने कहा कि उमरिया के हॉकी का इतिहास बड़ा स्वर्णिम रहा है। हॉकी के प्रति यहां के लोगों और युवाओं का रुझान लगातार रहा है यहां के खिलाड़ी हॉकी में राष्ट्रीय स्तर तक अपना और जिले का नाम रोशन कर चुके हैं। उन्होंने कहा कि वर्तमान परिदृश्य में जिले में हॉकी को लेकर और भी काफी प्रयास करने की



जरूरत है। उन्होंने वरिष्ठ हॉकी खिलाडिय़ों के साथ नौनिहाल बच्चों से भी मुलाकात की,जो अभी हॉकी का खेल सीख रहे हैं। श्री अग्रवाल ने कहा कि नौनिहालों बच्चे जो अभी हॉकी सीख रहे हैं उनसे मिलकर उन्हें बहुत खुशी महसूस हुई है। निश्चित रूप से यह नौनिहाल बच्चे उमरिया के हाकी के स्वर्णिम इतिहास को आगे जरुर बढ़ाएंगे, और राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपना और जिले का नाम रोशन करेंगे। उन्होंने कहा कि वह हमेशा हॉकी खिलाड़ी और हॉकी प्रेमियों के साथ हैं जहां जैसी आवश्यकता होगी वह हर प्रकार से मदद के लिए तैयार रहेंगे। इस अवसर पर दीपक छतवानी, शंभू लाल खट्टर, धनुषधारी सिंह, ज्ञानेंद्र सिंह गहरवार, विनय मिश्रा, पत्रकार एवं समाजसेवी चंद्रकांत दुबे, जिला क्रीड़ा अधिकारी और वरिष्ठ हॉकी खिलाड़ी शेख सलीम, विष्णु भारती , नीतू सिंह, पार्षद सविता सोंधिया, हॉकी के खिलाड़ी नौमीशरण यादव, धर्मेंद्र गौतम, नरेंद्र गिरी, वरिष्ठ हॉकी खिलाड़ी शेख रसूल, दीपन दर्दवंशी, शेख नफीस, मोहम्मद शाहिद रज्जू,शुशील गौतम, आईटी सेल के नितिन बासनी, रामाधार चौधरी, सहित बड़ी संख्या में उमरिया नगर के हॉकी प्रेमी और हॉकी खिलाड़ी मौजूद रहे।

# कलेक्टर की अध्यक्षता में जिला टास्क फोर्स समिति की बैठक संपन्न

**उमरिया हरिभूमि न्यूज।** कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन की अध्यक्षता में जिला टास्क फोर्स समिति की बैठक कलेक्टर सभागार में संपन्न हुई । बैठक में नोडल अधिकारी व्दारा बालक एवं कुमार श्रम (प्रतिषेध एव विनियमन) अधिनियम 1986 के अंतर्गत की गयी, कार्यवाही के संबंध में सदस्यों को अवगत कराया गया । कलेक्टर ने अधिनियम की अनुसूची में वर्णित प्रक्रिया में बालक एवं कुमार श्रमिकों को चिन्हाकिंत किए जाने के लिए निर्देशित किया। अक्षय तृतीया के अवसर पर बाल विवाह एवं विवाह कार्यक्रमों में बालक एवं किशोर श्रमिको के नियोजन के प्रभावी रोकथाम के लिये सभी सदस्य को निर्देशित किया गया।



बैठक में सदस्य सचिव, राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग भारत सरकार नई दिल्ली के एवं श्रमायुक्त म.प्र. इन्दौर के निर्देशवत शादी विवाह के अवसरो पर बालक एवं कुमार श्रमिक के नियोजन पर विशेष निगरानी रखे जाने हेतु सभी सदस्यो को निर्देशित किया गया। बाल विवाह एवं भिक्षावृत्ति के कार्यों को रोकने हेतु समझाईश देने की बात कही गई । उन्होंने जिला शिक्षा अधिकारी , जिला परियोजना समन्वयक जिला शिक्षा केंद्र उमरिया से कहा है कि विद्यालय से लगातार 30 दिनो तक अनुपस्थित रहने वाले बालकों की जानकारी एकत्रित करते हुए जिला टास्क फोर्स समिति को सात दिवस के अंदर उपलब्ध कराया जाए। बैठक में जिला टास्कफोर्स समिति के सभी सदस्यों को बालक एवं कुमार श्रमिको के नियोजन के संबंध में सूचना प्राप्त होने पर निर्देशानुसार जानकारी तत्काल श्रम विभाग उमरिया एवं पेसिंल पोर्टल पर दर्ज किए जाने की जानकारी दी गई। बैठक में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रतिपाल सिंह महोबिया, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण उमरिया श्री मोहन डाबर , डिप्टी कलेक्टर मीनांक्षी इंगले, नोडल अधिकारी श्रम निरीक्षक यू0एस0 त्रिपाठी सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

## एम.एम. महाविद्यालय में कार्यक्रम सम्पन्न



**कोतमा हरिभूमि न्यूज ।** भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की 134 वीं जयंती के अवसर से चल रहे पखवाड़े अंतर्गत रविवार को एम.एम. महाविद्यालय कोतमा में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह आयोजन मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के अंतर्गत संचालित पाठ्यक्रम सीएमसीएलडीपी द्वारा किया गया। इस अवसर पर जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष हनुमान गर्ग, जनप्रतिनिधि तथा सी एम सी एल डी पी से जुड़े मेंटर एवं नवांकुर संस्था के प्रतिनिधि व सदस्य, छात्र छात्राओं, परामर्शदाता उपस्थित थे। कार्यक्रम में जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष हनुमान गर्ग ने अपने उद्बोधन में बाबा साहेब के संघर्ष, विचारधारा और संविधान निर्माण में उनके योगदान को रेखांकित किया। उन्होंने युवाओं को बाबा साहब के शिक्षित बनो संगठित रहो और संघर्ष करो के मंत्र को आत्मसात करने का संदेश दिया। इस अवसर पर विद्यार्थियों द्वारा भाषण, कविता पाठ और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से डॉ. अंबेडकर के जीवन और आदर्शों का प्रभावशाली चित्रण किया गया।

## अबेकस एरिथमैटिक मेंटल प्रतियोगिता में चचाई के छात्रों ने लहराया परचम




**चचाई हरिभूमि न्यूज ।** विगत दिनों 25 अप्रैल से 27 अप्रैल तक इंदौर में आयोजित UCMAS 20 वी एबेकस एरिथमेटिक मेंटल प्रतियोगिता में पूरे प्रदेश भर के 350 से अधिक सेंटरो से हजारों प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया जिसमें विद्युत नगरी चचाई (अनूपपुर) की मां शारदा अबेकस क्लासेज के नौ होनहार विद्यार्थियों ने अपनी अद्वितीय प्रतिभा का अद्भुत प्रदर्शन कर जिले को गौरवान्वित किया केवल 8 मिनट में 200 प्रश्न हल कर इन विद्यार्थियों ने न केवल समय पर विजय पाई बल्कि पूरे मंच पर अपना परचम लहरा सम्मान अर्जित किया। इस कार्यक्रम में प्रथम रनर अप विद्युत नगरी चचाई डबल डी कॉलोनी की छात्रा नित्या तीतरमारे पिता कृष्ण कुमार रही वहीं अन्य आठ मेरिट अवार्ड प्राप्त छात्रों में नेत्रिका दौलतानी पिता मनीष दौलतानी, जागृति सिंह पिता लव कुश सिंह, ईकेश्वर कुशवाहा पिता अजय कुशवाहा, देवेश राजवंशी पिता आलोक राजवंशी, प्रशा हजारी पिता बलराम जाटव, श्रद्धा बैगा पिता सिया शरण बैगा, लक्ष्य भारद्वाज पिता धर्मेंद्र भारद्वाज, एवं निराली भैरम पिता राजेश भैरम। यह सफलता छात्रों की कठिन मेहनत अभिभावकों का अपार सहयोग और मां शारदा अबेकस क्लासेज के समर्पित शिक्षकों को जाता है।

# धर्म गुरुओं ने संभाली बाल विवाह की रोक-थाम की कमान



**कोतमा हरिभूमि न्यूज ।** उमरिया जिले में बाल अधिकारों की सुरक्षा और बाल विवाह की रोक-थाम के लिए कार्यरत संगठन HARD (होलिस्टिक एक्शन फार रिसर्च एंड डेवलपमेंट) ने बालविवाहों की रोक-थाम के लिए धर्मगुरुओं के बीच चलाया जागरूकता अभियान का शुभारंभ पत्रकार वार्ता से किया। जिला प्रेस क्लब उमरिया में आयोजित पत्रकार वार्ता को पंडित बृजेन्द्र पांडेय शारदा मंदिर, सिंध समाज के धर्माचार्य पंडित भरत कमलेश शर्मा, मुस्लिम धर्माचार्य मौलाना शाकिर अली, मौलाना मारूफ़ रजा, गोंडवाना आचार्य रामसिंह वरिष्ठ पत्रकार राजेश शर्मा, सुरेंद्र त्रिपाठी, जिला प्रेस क्लब के अध्यक्ष अरुण त्रिपाठी एवं वरिष्ठ साहित्यकार शम्भू सोनी पागल ने संबोधित किया। संगठन के निदेशक सुशील शर्मा ने कहा, धर्मगुरुओं से मिला सहयोग व समर्थन अभिभूत करने वाला है, इस अक्षय तृतीया जिले में बालविवाह रोकने में हम सफल होंगे। बाल अधिकारों की सुरक्षा व संरक्षण के लिए देश में नागरिक समाज संगठनों के सबसे बड़े नेटवर्क जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन (जेआरसी) के उमरिया में सहयोगी संगठन HARD (होलिस्टिक एक्शन फार रिसर्च एंड डेवलपमेंट) की ओर से अक्षय तृतीया और शादी-ब्याह के मौसम को देखते हुए बाल विवाहों की रोक-थाम के लिए विभिन्न धर्मों के विवाह संपन्न कराने वाले पुरोहितों के बीच चलाए जा रहे जागरूकता अभियान को व्यापक सफलता मिली है और सभी धर्मगुरुओं ने इसकी सराहना करते हुए समर्थन का हाथ बढ़ाया है। संगठन ने कहा कि यह देखते हुए कि कोई भी बाल विवाह किसी पंडित, मौलवी या पादरी जैसे पुरोहित के बिना संपन्न नहीं हो सकता, हमने उन्हें बालविवाह के खिलाफ अभियान से जोड़ने का फैसला किया। इसके सकारात्मक नतीजों को देखते हुए हम उम्मीद कर सकते हैं इस अक्षय तृतीया पर जिले में एक भी बालविवाह नहीं होने पाएगा। आज जिले में तमाम मंदिरों-मस्जिदों के आगे ऐसे बोर्ड लगे हुए जिन पर स्पष्ट लिखा है कि यहां बालविवाह की अनुमति नहीं है। गौरतलब है कि जेआरसी 2030 तक देश से बाल विवाह खत्म करने के मकसद से 'चाइल्ड मैरिज फ्री इंडिया' कैम्पेन चला रहा है। जे आर सी कानूनी हस्तक्षेपों के जरिए बालअधिकारों की सुरक्षा व संरक्षण के लिए देश के 416 जिलों में जमीन पर काम कर 250 से भी ज्यादा नागरिक संगठनों का नेटवर्क है जिसने पिछले वर्षों में दो लाख से ज्यादा बाल विवाह रुकवाए हैं और पांच करोड़ से ज्यादा लोगों को बाल विवाह के खिलाफ शपथ दिलाई है। इसके सहयोगी संगठन HARD (होलिस्टिक एक्शन फार रिसर्च एंड डेवलपमेंट) ने स्थानीय प्रशासन के साथ सहयोग व समन्वय से कानूनी हस्तक्षेपों और परिवारों एवं समुदायों को समझा-बुझा कर बाल विवाह रोकने के प्रयास किए हैं। यह संगठन 2030 तक बाल विवाह मुक्त भारत के लक्ष्य को हासिल करने के लिए जे आर सी के संस्थापक भुवन ऋभु की किताब 'व्हेन चिल्ड्रेन हैव चिल्ड्रेन : टिपिंग प्वाइंट टू इंड चाइल्ड मैरेज' में सुझाई गई समग्र रणनीति पर अमल कर रहा है। HARD (होलिस्टिक एक्शन फार रिसर्च एंड डेवलपमेंट) के निदेशक सुशील शर्मा ने कहा कि अभी भी देश में बाल विवाह के खिलाफ जरूरी जागरूकता की कमी है। ज्यादातर लोगों को यह पता नहीं है कि यह बाल विवाह निषेध अधिनियम (पीसीएमए), 2006 के तहत दंडनीय अपराध है। इसमें किसी भी रूप में शामिल होने या सेवाएं देने पर दो साल की सजा व जुर्माना या दोनों हो सकता है। इसमें बाराती और लड़की के पक्ष के लोगों के अलावा कैटरर, साज-सज्जा करने वाले, डेकोरेटर, हलवाई, माली, बैंड बाजा वाले, मैरेज हाल के मालिक और यहां तक कि विवाह संपन्न कराने वाले पंडित और मौलवी को भी अपराध में संलिप्त माना जाएगा और उन्हें सजा व जुर्माना हो सकता है। उन्होंने कहा कि इसी लिए हमने धर्म गुरुओं और पुरोहित वर्ग के बीच जागरूकता अभियान चलाने का फैसला किया क्योंकि यह वो सब से महत्वपूर्ण वर्ग है जो विवाह संपन्न कराता है। हमने उन्हें समझाया कि बाल विवाह और कुछ नहीं बल्कि बच्चों के साथ बलात्कार है। अठारह वर्ष से कम उम्र की किसी बच्ची से वैवाहिक संबंधों में भी यौन संबंध बनाना यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण (पॉक्सो) कानून के तहत बलात्कार है। बेहद खुशी का विषय है कि आज पंडित और मौलवी इस बात को समझते हुए न सिर्फ इस अभियान को समर्थन दे रहे हैं, बल्कि खुद आगे बढ़कर बाल विवाह नहीं होने देने की शपथ ले रहे हैं। यदि पुरोहित वर्ग बाल विवाह संपन्न कराने से इनकार कर दे तो देश से रातों रात इस अपराध का सफाया हो सकता है। इस अभियान में उनके आशातीत सहयोग व समर्थन से हम अभिभूत हैं। इसको देखते हुए हमारा मानना है कि जल्द ही हम बाल विवाह मुक्त उमरिया के लक्ष्य को हासिल कर लेंगे कार्यक्रम को सफल बनाने में वरिष्ठ साहित्यकार शेख धीरज, राम लखन सिंह चौहान, संपत नामदेव, फूल बाई सिंह, नगीना सिंह का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम का संचालन भूपेन्द्र त्रिपाठी ने किया।

## अक्षय तृतीया पर गुड्डे गुडिया की होगी शादी



**कोतमा हरिभूमि न्यूज ।** बाजार में मिट्टी के दूल्हा दुल्हनों से बाजार सज गया है। इस दिन घरों में छोटे बच्चे पारंपरिक विधि विधान से गुड्डे गुड़ियों की शादी रचाते हैं। अक्षय तृतीया यानी अक्ती के दिन कोयलांचल क्षेत्र सहित ग्रामीण क्षेत्र मे शादियां होंगी। कोतमा सहित कोयलांचल व ग्रामीण क्षेत्र में भी बहुत सी शादियां होंगी। बच्चे गुड्डे गुड़ियों की भी शादी रचाएंगे। इसके लिए बाजार में मिट्टी के गुड्डे गुड़िया, दूल्हा दुल्हन बिकने के लिए आ गए हैं। बुधवार को अक्षय तृतीया का पर्व कोतमा नगर सहित कोयलांचल एवं ग्रामीण क्षेत्रों मे बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा जिसको लेकर तैयारियां भी शुरू हो गई है। अक्षय तृतीया के दिन शुभ कार्यों एवं मांगलिक कार्यों के लिए किसी भी प्रकार के मुहूर्त की आवश्यकता नहीं होती है इसलिए इस दिन वैवाहिक कार्यक्रम भी जमकर होंगे। मंगलवार को खरीददारी करने के लिए बाजार में ग्राहकों की भारी भीड़ नजर आई। बाजार में गुड्डे गुड़ियों की बिक्री भी हो रही थी जिसकी खरीदारी के लिए बच्चियों बाजार में सुबह से लेकर देर शाम तक बुद्ध गुड़ियों की खरीदारी करते नजर आई।

### मुहूर्त की आवश्यकता नहीं

हिन्दू धर्म के अनुसार अक्षय तृतीया विवाह के लिए शुभ दिन माना गया है। इस दिन किसी भी शुभ कार्य या विवाह के लिए मुहूर्त की आवश्कता नहीं होती है। इस दिन गांव-गांव व शहर में भारी संख्या में शादी होती है। इस पर्व को अक्ती पर्व के नाम से भी जाना जाता है। एक ओर शादी जोड़े विवाह के बंधन में बधेंगे। वहीं शादी के बंधन से अंजान बच्चे पूरे रीति रिवाज के साथ मिट्टी के बने गुड्डे-गुड्डियों का पारंपरिक ब्याह रचाएंगे। कई परिवारों में बच्चे के साथ माता-पिता भी गुड्डे-गुड्डियों के विवाह की रश्में उसी तरह संपन्न कराएंगे, जैसे वास्तव में विवाह हो रहा हो। बच्चे पेड़ों की डालियों को छावनीनुमा बनाकर काल्पनिक गुड्डे-गुड्डियों को शादी के बंधन में बांधकर भेंट करने घर-घर जाएंगे। बाजार मेंअधिक संख्या में खरीदी करने पहुंच रहे हैं। आज कल ग्राहकी अच्छी रहने की संभावना है।

## भ्रष्ट पोस्ट मास्टर को मिली चार्जशीट, मीडिया ने बदला पोस्ट आफिस का सिस्टम

**जमुना/बदरा हरिभूमि न्यूज।** कोयलांचल न्यूज़ की तह तक जाती रिपोर्टिंग और स्टिंग ऑपरेशन का असर आखिरकार सामने आ गया है। जमुना कॉलोनी पोस्ट ऑफिस जो भ्रष्टाचार का गढ़ बना हुआ था अब प्रशासन की सख्ती के शिकंजे में है ब्रांच पोस्टमास्टर जी. पी. खजूर, जिसने अपने पद का दुरुपयोग कर दामाद को गैरकानूनी रूप से अधिकार सौंप दिए थे उस पर विभागीय गाज गिर चुकी है। चार्जशीट थमा दी गई है, कार्यवाही की प्रकिया आगे बढ़ा दी गई है वहीं आधार अपडेट और मोबाइल बदलाव में सुधार शुरू कर दिया है।

**खबर संक्षेप**

### मुख्यमंत्री आज करेंगे श्रमिक परिवारों को राशि वितरित

**कटनी।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 30 अप्रैल को धार जिले के उमरबन में संबल योजना में अनुग्रह सहायता के 27 हजार 523 प्रकरणों में राशि रूपये 600 करोड़ सिंगल क्लिक से वितरित करेंगे। कार्यक्रम में श्रम व पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल एवं स्थानीय जन प्रतिनिधि, हितग्राही उपस्थित रहेंगे। मुख्यमंत्री जनकल्याण संबल योजना, प्रदेश में असंगठित क्षेत्र में कार्यरत लाखों श्रमिकों के लिए एक अत्यंत महत्वपूर्ण योजना है। इसमें अनुग्रह सहायता योजना के अंतर्गत दुघर्टना में मृत्यु होने पर 4 लाख रूपये एवं सामान्य मृत्यु होने पर 2 लाख रूपये प्रदान किये जाते हैं। इसी प्रकार स्थायी अपंगता पर 2 लाख रूपये एवं आंशिक स्थायी अपंगता पर 01 लाख रूपये तथा अंत्येष्टि सहायता के रूप में 5 हजार रूपये प्रदान किये जाते हैं। संबल योजना में जहाँ एक ओर महिला श्रमिक को प्रसूति सहायता के रूप में 16 हजार रूपये दिये जाते हैं तो वहीं दूसरी ओर श्रमिकों के बच्चों को महाविद्यालय शिक्षा प्रोत्साहन योजना के अंतर्गत उच्च शिक्षा में शिक्षा हेतु सम्पूर्ण शिक्षण शुल्क सरकार द्वारा वहन किया जाता है।

### जिला पंचायत सामान्य प्रशासन समिति की बैठक 1 मई को

**कटनी।** जिला पंचायत कटनी की सामान्य प्रशासन समिति की बैठक गुरुवार 1 मई को जिला पंचायत के सभा कक्ष में आहूत की जायेगी। इसी प्रकार सामान्य सभा की बैठक शुक्रवार 2 मई को आयोजित की जायेगी। पहले यह बैठक गुरुवार 17 अप्रैल को जिला पंचायत सभाकक्ष में आयोजित होनी थी। जिसे जिला पंचायत के सीईओ श्री शिशिर गेमावत द्वारा अपरिहार्य कारणवश स्थगित कर दिया गया है। बैठक का एजेंडा पूर्ववत ही रहेगा। सामान्य प्रशासन समिति के सभी सदस्यों और सामान्य सभा की बैठक से संबंधित सदस्यों से तय तिथि व समय पर बैठक में उपस्थित रहने का आग्रह किया गया है।

### अलग-अलग स्थानों से 8 जुआरी हुए गिरफ्तार

**कटनी।** जुआ खेल रहे जुआरियों पर कोतवाली पुलिस ने कार्यवाही की है। पुलिस ने 8 लोगों को गिरफ्तार किया है। जानकारी के अनुसार सिविल लाइन रेलवे लाइन के किनारे स्ट्रीट लाइट के नीचे अरुण निषाद 21 निवासी दुर्गा चौक खिरहनी फाटक थाना एन के जे कटनी, राकेश तिवारी 60 निवासी सिविल लाइन कटनी को ताश के पत्ते एवं 340 रुपए के साथ पकड़ा। दूसरे मामले में सिविल लाइन बिजली के खंबे के नीचे पुलिस ने रोहित दुआ 32 निवासी सिविल लाइन थाना कोतवाली कटनी, विक्रम यादव 32 निवासी हॉउसिंग बोर्ड कॉलोनी को ताश के पत्ते पास एवं फड़ से 370 रुपए के साथ पकड़ा है। सिविल लाइन नालंदा स्कूल के पीछे सुमित वंशकार 24 निवासी झर्रा टिकुरिया थाना रंगनाथ नगर कटनी, सौरभ पटेल 31 निवासी सिविल लाइन को ताश के पत्ते पास एवं फड़ से 360 रुपए के साथ पकड़ा है। सिविल लाइन क्षेत्र में ही शुभम निषाद 25 निवासी दुर्गा चौक खिरहनी व राकेश चौधरी को ताश के पत्ते पास व फड़ से 350 रुपए के साथ पकड़ा है।

### मारपीट की हुई घटनाएं

**कटनी।** बड़वारा व ढीमरखेड़ा क्षेत्र में मारपीट की घटनाएं हुई हैं। जानकारी के अनुसार ग्राम मझगवां सेंट्रल बैंक के पास सुमंत कुमार तिवारी 55 निवासी मदन मोहन चौबे वार्ड थाना रंगनाथनगर के साथ चार लोगों ने विवाद करते हुए गालीगलौज कर दी। जिसका उसने विरोध किया तो इस बात से गुस्साए सीताराम चौधरी, रामलाल चौधरी, करन चौधरी, शिब्बू चौधरी सभी निवासी मझगवां थाना बड़वारा ने उसके ऊपर हमला करते हुए जमकर मारपीट कर दी। शिकायत पर पुलिस ने अपराध दर्ज कर लिया है। थाना अंतर्गत ही सल्हना गांव में विवाद करते हुए मारपीट का मामला सामने आया है। पुलिस ने मामला दर्ज करते हुए मामले की जांच शुरू कर दी है। मामले में शेख बाबू 50 निवासी सल्हना की शिकायत पर शेख रज्जाक, शेख साबिर दोनों निवासी सल्हना थाना बड़वारा पर मामला दर्ज किया गया है।

## आराधना के साथ सगरा तालाब की खूबसूरती बढेगी

# नगर की सुंदरता पर लगेंगे चार चांद

### सगरा तालाब जीर्णोद्धार का भव्य भूमिपूजन पूजा

उमरिया

उमरिया जिले का ऐतिहासिक सगरा तालाब जिसके सौन्दर्यीकरण के बहुतेरे प्रयास किये जाते रहे हैं ,पर उस प्रयास को सफलता मिली नगर पालिका परिषद की वर्तमान परिषद को । नगर पालिका परिषद की अध्यक्ष ने नगर विकास का जो सपना संजोया है उसमें सगरा तालाब के जीर्णोद्धार और सौन्दर्यीकरण का काम विकास के ऊंचे पायदान पर रखा था , उसे पूरा करने की अटूट प्रयास चलता रहा । बहु प्रतीक्षित इस तालाब को लेकर लोगों के जन मानस में सगरा तालाब को लेकर व्यापक



असंतोष फैल रहा था ,इस तालाब को लेकर जन प्रतिनिधियों के प्रति दुराग्रह के भाव पैदा हो चुका था ।जन मानस में चर्चा थी कि पिछले पंच वर्षीय से ही ट्रिपल इंजन की सरकार चल रही है फिर विकास कार्यों को पूरा करने में असफलता से सभी के प्रति गंभीर तरह की मानसिकता बन गई थी , इस मिथक कों तोड़ने में कामयाबी हासिल की नगर पालिका परिषद की अध्यक्ष सुश्री शंकुतला प्रधान ने , और पूरे मनोवेग से प्रयास कर सगरा तालाब के जीर्णोद्धार और सौन्दर्यीकरण के लिए आवश्यक धन राशि लाकर काम करने की तैयारी कर चुकी है । बताया जाता है कि इस काम की सारी वैधानिकताओ को पूरा की जा चुकी है ।अब बारी है अब तक के प्रयासों में पंख लगाने की ।विश्वसनीय और जानकार सूत्रों की मानी जाए तो सगरा तालाब के जीर्णोद्धार और सौन्दर्यीकरण के इस महत्वपूर्ण कार्य का भूमिपूजन आगामी 0 2 मई 2025 शुक्रवार को इस पुनीत कार्य की शुरुआत अत्यंत सांगोपांग वैदिक रीति रिवाज पूजा से पूजा आराधना के बाद शुरू किया जायेगा । विदित होवे कि यह भूमि पूजन कार्यक्रम कार्य शुरू होने के दो दिन पूर्व अर्थात अक्षय तृतीया 30 अप्रैल 2025 दिन बुधवार से अमोलेश्वर धाम के सिद्ध संत परम पूज्य बच्चू महराज के सांनिध्य में पूजा आराधना शुरू होगी।जिसमें महामृत्युंजय मंत्र जाप, सुन्दर काण्ड का पाठ, राम नाम संकीर्तन के साथ पूरा करते हुए विशाल भंडारा का आयोजन किया गया है । इस सन्दर्भ में नगर पालिका की अध्यक्षता ने इस पुनीत कार्य क्रम में स्थानीय नागरिकों,नगर पालिका परिषद के पार्षदों, क्षेत्रीय जन प्रतिनिधियों का आह्वान करते हुए सादर अपील की है कि नगर के गौरवशाली तालाब के जीर्णोद्धार और सौन्दर्यीकरण कार्यक्रम के अवसर पर आयोजित पूजन, भंडारा मे अधिकाधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्य क्रम में सहभागी बनते हुए गौरवशाली इतिहास के साक्षी बने ।

## मुक्ति धाम शेड निर्माण की विधायक से की मांग

# नगर परिषद सौंपेंगे इस्टीमेट

बुढार।

अंतिम यात्रा में जाने वाले नागरिकों के लिए जागरुक नागरिक परिषद प्रतिनिधि मंडल के द्वारा मुक्ति धाम के शेड निर्माण के लिए विधायक से की मांग।

क्षेत्रीय विधायक जय सिंह मरावी से बीते दिसंबर 2024 में जागरूक नागरिक परिषद का प्रतिनिध मंडल मिल कर भुतही टोला वार्ड 01 स्थिति उपेक्षित शमशान भूमि में अंतिम यात्रा में गए लोगों के लिए विधायक मद से शेड बनवाने का पत्र देकर निमार्ण कराने का आग्रह किया था जिस पर विधायक श्री मरावी ने वित्तीय वर्ष 2025 के नए बजट में सहयोग देने का आश्वाशन दिया था।

प्रतिनिधि मंडल द्वारा पुनः ज्ञापन सौंप कर विधायक मांग की जिसे जय सिंह मरावी ने तत्काल अपने संज्ञान में लेकर नगर निकाय के सीएमओ सौरभ श्रीवास्तव से शेड निर्माण का इस्टीमेट बनवाने को कहा जिसे नगर परिषद ने स्वीकार कर शीघ्र ही प्रस्ताव देने की बात कही।

हम नागरिक चाहते हैं कि जल्द से जल्द भव्य विस्तृत शेड ( छाया घर ) निर्माण की कार्यवाही शुरू कराई जाय जिससे नगर की अपेक्षित मांग पूरी हो सकें और लोगों को प्रचण्ड गर्मी, एवं वर्षा से निजात मिल सके।

शेड निर्माण होने से वार्ड क्र,- 01,10,11 और 12 के सम्माननीय पार्षद गण, गणमान्य नागरिक, राजनीतिज्ञ तथा सोशल मीडिया आगे आ कर इसे मूर्त रूप प्रदान कराने में अपना बौद्धिक सहयोग प्रदान करें।

*कुठला थाना अंतर्गत ग्राम सुमेली में हुई थी मारपीट की घटना*

# विद्युत कर्मचारियों से मारपीट करने वाले दो व्यक्तियों को किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

विद्युत कर्मचारियों से मारपीट करने वाले दो व्यक्तियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। जानकारी के अनुसार बिजली बिल की राशि 42,726 रुपये बकाया होने के कारण राजाराम यादव पिता रमई यादव एवं संतोष यादव पिता रमई यादव का स्थाई कृषि कनेक्शन का बिल भुगतान न करने के कारण तीन माह पूर्व विद्युत कनेक्शन काट दिया गया था। गत 24 अप्रैल 2025 को चैक करने लाईनमैन सलीम खान एवं आउटसोर्स कर्मचारी सुखदेव यादव को विद्युत कार्यालय द्वारा भेजा गया। गांव में जाने पर काटी गई विद्युत लाईन को उक्त दोनो उपभोक्ता जो सगे भाई है उन्होंने



अपने स्तर पर अवैध रूप से विद्युत कनेक्शन चालू कर लिया था। जिसकी लाईन पुनः उक्त दोनो विद्युत कर्मचारी काटने लगे, जिस पर राजाराम यादव एवं संतोष यादव दोनो ने विद्युत कर्मचारियों के साथ गाली गलौज करते हुए मारपीट की और उन्हे बाँध दिया व पुनः लाईन जोड़ने का दबाव बनाने लगे। लाईन न जोड़ने की दशा में जान से मारने की धमकी देते हुए लाईनमैन की मोटर साइकिल पंचर कर दिया। लाईनमैन ने डर के कारण पुनः विद्युत कनेक्शन जोड़कर अपनी जान बचाई। उक्त घटना की सूचना लाईनमैन द्वारा अपने वरिष्ट अधिकारी कनिष्ठ अभियंता विद्युत विभाग देवगाँव को दिये जाने पर 25 अप्रैल 2025 को थाना कुठला में रिपोर्ट दर्ज कराई गई, जिस पर सुसंगत धाराओं के तहत शासकीय कार्य में बाधा डालने, मारपीट करने, सदोष परिरोध कारित करने व जान से मारने की धमकी देने का अपराध पंजीबद्ध किया गया।

वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में राजाराम यादव एवं संतोष यादव पिता रमई यादव निवासी ग्राम मूरपार देवगाँव थाना रीठी जिला कटनी को विधिवत गिरफ्तार कर विधिसंगत कार्यवाही की गई।

कार्यवाही थाना प्रभारी कुठला निरीक्षक राजेन्द्र मिश्र के नेतृत्व में की गई, जिसमें सहायक उप निरीक्षक तीरथ तेकाम, प्रधान आरक्षक केशव मिश्रा एवं अन्य स्टाफ की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## आतंकी हमले के विरोध में स्काउट गाइड ने निकाला कैंडिल मार्च



भारत स्काउट गाइड मध्य प्रदेश जिला संघ कटनी के तत्वावधान में कलेक्टर दिलीप कुमार यादव के मार्गदर्शन में रविवार को जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुये आतंकी हमले के विरोध में कैंडल मार्च का आयोजन किया गया। यह कैंडल मार्च नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए मिशन चौक बार्डसले सीनियर सेकेंडरी स्कूल में संगोष्ठी के रूप में परिवर्तित हुआ, जहां स्काउट गाइड रोवर रेंजर द्वारा पहलगाम आतंकी हमले और आतंकवाद जैसे विषय पर चर्चा की गई और सभी स्काउट गाइड यूनिट लीडर द्वारा इस हमले की घोर निंदा की गई। साथ ही अपने-अपने विचार व्यक्त किये गए। भारत सरकार से सभी स्काउट गाइड यूनिट लीडर ने अपील की है कि इस आतंकी हमले के दोषियों पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाए। पूरा देश भारत सरकार के साथ एकजुट खड़ा हुआ है और इस आतंकवाद नामी राक्षस का समूलनाश किया जाए। इस अवसर पर विभिन्न विद्यालयों की स्काउट गाइड रोवर रेंजर यूनिट लीडर शामिल हुए कार्यक्रम का संचालन जिला सचिव एल के गर्ग द्वारा किया गया।

# जिले के 85 केन्द्रों में अब तक 51 हजार 696 मीट्रिक टन गेहूँ का हुआ उपार्जन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

रबी विपणन वर्ष 2025-26 में जिले में समर्थन मूल्य पर अब तक 85 खरीदी केन्द्रों के माध्यम से 7 हजार 489 किसानों से 51 हजार 696 मीट्रिक टन गेहूँ का उपार्जन किया जा चुका है।

गेहूँ खरीदी के मामले में बहोरीबंद तहसील अग्रणी है। यहां अब तक 2081 कृषकों से 14 हजार 288 मीट्रिक टन गेहूँ उपार्जित किया गया है। गेहूँ उपार्जन के मामले में ढीमरखेड़ा तहसील दूसरे स्थान पर है। जहां 1895 किसानों से 12 हजार 10 मीट्रिक टन गेहूँ खरीदा गया है। वहीं तीसरे स्थान पर विजयराघवगढ़ तहसील है। जहां 1002 किसानों ने 7 हजार 554 मीट्रिक टन गेहूँ की बिक्री की है।

इसी प्रकार गेहूँ खरीदी के मामले



में स्लीमनाबाद तहसील जिले में चौथे स्थान पर है। जहां 832 किसानों ने 6 हजार 501 मीट्रिक टन गेहूँ की बिक्री की है।

रीठी तहसील जिले में पांचवे स्थान पर है। जहां के 767 किसानों ने 4 हजार 778 मीट्रिक टन गेहूँ की बिक्री किया है। और कटनी ग्रामीण एवं कटनी नगर तहसील संयुक्त रूप से छठवें पायदान पर है। जहां अब तक 329 किसानों ने 2 हजार 733 मीट्रिक टन गेहूँ की बिक्री की है। इसके अलावा बरही तहसील में 324 किसानों ने 2 हजार 103 मीट्रिक टन गेहॅू की बिक्री की है। इस प्रकार गेहूँ उपार्जन के मामले में बरही तहसील सातवे स्थान पर है। जबकि बड़वारा तहसील के 259 किसानों ने 1 हजार 729 मीट्रिक टन गेहूँ की बिक्री किया है। और बड़वारा गेहूँ उपार्जन के मामले में जिले में अंतिम पायदान पर है।

*अभाविप ने कहा मांगे पूरी नहीं होने पर अधिकारियों से करेंगे संपर्क*

# विद्यालय में अनियमितताओं के विरोध में सौंपा ज्ञापन, शीघ्र कार्यवाही की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

अभाविप ने सेंटपॉल विद्यालय में हो रही विभिन्न अनियमितताओं के विरोध में विद्यालय प्रशासन को एक औपचारिक ज्ञापन सौंपा। परिषद ने यह कदम अभिभावकों और जागरूक नागरिकों के आक्रोश को संज्ञान में लेते हुए उठाया है। जिला संयोजक ऋषभ त्रिपाठी ने जानकारी देते हुए बताया कि ज्ञापन में विद्यालय प्रशासन का ध्यान विशेष रूप से निम्नलिखित बिंदुओं पर आकर्षित किया गया है विद्यालय में बहुसंख्यक हिंदू विद्यार्थियों की उपस्थिति के बावजूद एक धर्म विशेष से संबंधित गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है जो अनुचित है। विद्यालय को धर्मनिरपेक्ष मूल्यों का पालन करते हुए सभी धर्मों के प्रति समान सम्मान



बनाए रखना चाहिए।

प्रतिवर्ष फीस में अत्यधिक वृद्धि कर अभिभावकों पर अनावश्यक आर्थिक दबाव डाला जा रहा है, जो अस्वीकार्य है। विद्यालय में पूर्णतः धर्मनिरपेक्ष वातावरण सुनिश्चित किया जाए। फीस वृद्धि पर नियंत्रण रखते हुए शुल्क निर्धारण में पारदर्शिता बरती जाए। प्रवेश प्रक्रिया को निष्पक्ष एवं पारदर्शी बनाया जाए, किसी भी प्रकार की धोखाधड़ी को समाप्त किया जाए। केवल पाठ्यक्रम अनुसार आवश्यक पुस्तकों की ही खरीद अनिवार्य की जाए, अनावश्यक व्यावसायिक दबाव न बनाया जाए। जिला संयोजक ऋषभ त्रिपाठी ने विद्यालय प्रशासन को चेतावनी देते हुए कहा कि यदि इन मांगों पर शीघ्र एवं प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई, तो परिषद उच्च प्रशासनिक अधिकारियों से संपर्क कर विधिक कार्यवाही हेतु बाध्य होगी।

ज्ञापन सौंपने के अवसर पर विभाग संयोजक सीमांत दुबे, नगर मंत्री संजय कुशवाहा, सृजन चौधरी, अवध पांडेय, प्रभात तिवारी, हर्ष तिवारी, पारस पटेल, राहुल दुबे, यश दुबे, अंकित हल्दकार, शुभेक्षु शुक्ला, नितिन साहू, योगेश श्रीवास, व्योम चौबे, आयुष तोमर, विनायक गौतम, प्रशांत राजभर, मुकेश निगम, अभय सोनी, सिद्धार्थ गौतम, प्रभात साहू सहित अनेक विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ता उपस्थित रहे। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद् ने विद्यालय प्रशासन से शीघ्र सकारात्मक पहल करने की अपेक्षा व्यक्त की है, ताकि विद्यार्थियों एवं अभिभावकों के हितों की रक्षा सुनिश्चित की जा सके।

## ई-केवाईसी व गेहूँ उपार्जन कार्य की समीक्षा कर अधिकारियों को दिये निर्देश

# ई-आफिस कार्य में तेजी लाने विभाग प्रमुखों को दी हिदायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

कलेक्टर दिलीप कुमार यादव ने समय-सीमा बैठक में लंबित पत्रों की समीक्षा करते हुए सीएम हेल्पलाइन, समग्र ई-केवाईसी और राशन पात्रता पर्चीधारियों के केवाईसी सहित उपार्जन कार्य और आयुष्मान कार्ड बनाने में हुई अब तक प्रगति की समीक्षा की। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ शिशिर गेमावत और अपर कलेक्टर साधना परस्ते मौजूद रहे।

कलेक्टर श्री यादव ने जिले के कार्यालयों में ई-ऑफिस प्रणाली की अद्यतन स्थिति की समीक्षा करते हुए कहा कि जिन विभागों का ई-ऑफिस में रजिस्ट्रेशन हो गया है वे सभी विभाग नस्तियों का परिचालन ई-ऑफिस प्रणाली के तहत ही करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कुछ शेष बचे विभागों को भी ई-ऑफिस कार्य में तेजी लाने की हिदायत दी।

कलेक्टर श्री यादव ने 70 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के वृद्धों के आयुष्मान कार्ड बनाने की धीमी रफ्तार पर असंतोष व्यक्त करते हुए इसमें तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा



कि आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए कैंपों का आयोजन सुनिश्चित किया जाय। कलेक्टर श्री यादव ने समग्र की आधार के साथ लिंक कर ई-केवाईसी कार्य में जिले की मौजूदा 80 फीसदी उपलब्धि में और अधिक तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इस कार्य में पंचायत सचिव और रोजगार सहायक द्वारा इस मामले में किये जाने वाले हर दिन की प्रगति का संबंधित जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रतिदिन पर्यवेक्षण करना सुनिश्चित करें। इसी प्रकार कलेक्टर ने फार्मर आईडी और राशन पर्चीधारी उपभोक्ताओं के ई-केवाईसी कार्य की भी समीक्षा की। कलेक्टर ने समर्थन मूल्य पर गेहूँ उपार्जन की भी समीक्षा की।

कलेक्टर श्री यादव ने प्रति मंगलवार आयोजित होने वाले जनसुनवाई कार्यक्रम और ग्राम पंचायतों में लगने वाले लोक सुनवाई सह जनसंवाद कार्यक्रम के दौरान प्राप्त आवेदनों पर की गई कार्यवाही की भी समीक्षा की।

बैठक में कलेक्टर श्री यादव ने मंदसौर जिले में हाल ही में हुई उस दुर्घटना का जिक्र किया जिसमें वहां के सड़क के किनारे बिना दीवार व मुंडेर के कुएं में दुर्घटना के बाद कार गिर गई थी। कलेक्टर ने कहा कि यह सुनिश्चित किया जाये कि जिले मे सड़क के किनारे स्थित सभी कुओं की चहारदीवारी, मुंडेर बनवाया जाये और शहर में स्थित कुओं में उनको ढ़कने के लिए लोहे की जाली लगाई जाये जिससे किसी भी प्रकार की संभावित दुर्घटना को रोका जा सके।

बैठक में जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास नयन सिंह, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आर के आठ्या, सिविल सर्जन डॉ. यशवंत वर्मा, जिला पंजीयक पंकज कोरी, उपसंचालक खनिज रत्नेश दीक्षित, निगमायुक्त नीलेश दुबे, उपसंचालक पशु चिकित्सा सेवायें डॉ. आरके सोनी, कार्यपालन यंत्री पीएचई कालू सिंह डामोर, सभी एसडीएम और तहसीलदार मौजूद रहे।

# लोक अदालत में प्रकरणों को लेकर अधिकारियों की बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश जितेन्द्र कुमार शर्मा के मार्गदर्शन में 10 मई को जिला न्यायालय एवं समस्त तहसील सिविल न्यायालयों में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है।

इस नेशनल लोक अदालत में अधिक संख्या में विद्युत प्रकरणों का निराकरण कर आमजन को राहत देने के उद्देश्य से जिले के विद्युत विभाग के वरिष्ठ एवं कनिष्ठ अधिकारियों के साथ सोमवार 28 अप्रैल को दोपहर 2 बजे से जिला न्यायालय कटनी के कॉन्फ्रेंस हॉल में मीटिंग का आयोजन किया गया। मीटिंग में अमित रंजन समाधिया विशेष न्यायाधीश एवं संजय पाल सिंह बुंदेला जिला न्यायाधीश के द्वारा अधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्र से संबंधित समझौता योग्य प्रकरणों में पक्षकारों को म0प्र0 शासन द्वारा दी जाने वाली छूटो की जानकारी देने एवं आपसी सहमति से नेशनल लोक अदालत में प्रकरण का निराकरण करने हेतु प्रेरित करने के लिए कहा गया ताकि पक्षकार नेशनल लोक अदालत का लाभ उठा सकें।

मीटिंग में विद्युत विभाग के अधिकारियों के द्वारा म0प्र0 शासन द्वारा दी जाने वाली छूटो का अधिक से अधिक प्रचार करने एवं पक्षकारों को समझौते के लिए राजी करने का अश्वासन दिया।

### इनकी रही उपस्थिति

इस दौरान सुमित शर्मा सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एवं हर्षित बिसेन जिला विधिक सहायता अधिकारी सहित विद्युत विभाग के अधीक्षण यंत्री व अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहें।

# मंदसौर घटना पर प्रशासन अलर्ट, कुंओं में सुरक्षा व्यवस्थाएं करने दिये गए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

सूखे कुएं में उतरने से कई तरह की दुर्घटनाएं हो सकती हैं। इस संबंध में मध्यप्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड भोपाल ने एडवाइजरी जारी की है। जहरीली गैसों के संपर्क में आना से हाइड्रोजन सल्फाइड, कार्बन मोनोऑक्साइड, मीथेन, कार्बन डाइऑक्साइड जैसी खतरनाक गैसों की उपस्थिति बेहोशी, घुटन और मृत्यु का कारण बन सकती है। ऑक्सीजन की कमीरू सीमित स्थान में ऑक्सीजन का स्तर कम होने से सांस लेने में तकलीफ और बेहोशी हो सकती है।

कलेक्टर ने मंदसौर जिले में हाल ही में हुई उस दुर्घटना का जिक्र किया जिसमें वहां के सड़क के किनारे बिना दीवार व मुंडेर के कुएं में दुर्घटना के बाद कार गिर गई थी। कलेक्टर ने कहा कि यह सुनिश्चित किया जाये कि जिले मे सड़क के किनारे स्थित सभी कुओं की चहारदीवारी, मुंडेर बनवाया जाये और शहर में स्थित कुओं में उनको ढ़कने के लिए लोहे की जाली लगाई जाये जिससे किसी भी प्रकार की संभावित दुर्घटना को रोका जा सके।

### बचाव के लिए उठायें आवश्यक कदम

कुएँ में उतरने के पहले लालटेन रस्सी से नीचे डालें यदि लालटेन बुझ जाती है तो वहाँ पर ऑक्सीजन की कमी है और वहां जहरीली गैस है। इसलिए कुएँ के अंदर ना उतरें। यदि कोई व्यक्ति सूखे कुएं में दुर्घटना का शिकार हो जाता है, तो बचाव की स्थिति में कदम उठाए जाने चाहिए।

### तत्काल कार्रवाई और सुरक्षा

अपनी सुरक्षा सुनिश्चित करें। बिना उचित प्रशिक्षण और सुरक्षा उपकरणों के कुएं में उतरने का प्रयास न करें। इससे आप भी खतरे में पड़ सकते हैं।

## खबर संक्षेप

### जिले के प्रभारी मंत्री का जीवन कौशल के अधिकारियों ने किया स्वागत



**अनूपपुर हरिभूमि न्यूज ।** जिले के मध्यप्रदेश शासन के पर्यावरण मंत्री दिलीप अहिरवार से शिष्टाचार भेंट की गई एवं प्रतीक चिन्ह भेटकर स्वागत किया। इस अवसर पर जनजातीय कार्य विभाग भोपाल व मैजिक बस इंडिया फाउंडेशन के सहयोग से संचालित सक्षम कार्यक्रम अंतर्गत 21वी सदी के जीवन कौशल विषय पर विस्तृत चर्चा की गई। प्रभारी मंत्री ने कार्यक्रम के उद्देश्यों की सराहना करते हुए भविष्य में हरसंभव सहयोग देने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा बच्चों में जीवन कौशल का विकास आज की आवश्यकता है ऐसे कार्यक्रम न केवल उनके व्यक्तिगत विकास में सहायक हैं, बल्कि एक सशक्त समाज निर्माण में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, शासन स्तर पर हम इस दिशा में पूरा सहयोग देने के लिए आश्वासन देते हैं। यह मुलाकात जिले में जीवन कौशल कार्यक्रम के प्रभावी क्रियान्वयन एवं विस्तार के लिए एक सकारात्मक कदम रही। उक्त महत्वपूर्ण कार्यक्रम के दौरान कोतमा से विधयाक एवं मंत्री दिलीप जायसवाल, अनूपपुर विधायक बिसाहूलाल सिंह, जिला कलेक्टर, एसडीएम अनूपपुर, जिला पंचायत सीईओ एवं मैजिक बस इंडिया से ब्लॉक मैनेजर अंकित मिश्रा, आशीष मिश्रा उपस्थित रहे।

### अमरकंटक में आंधी तूफान के साथ हुई मूसलाधार बारिश

**अमरकंटक हरिभूमि न्यूज ।** मध्य प्रदेश के प्रमुख पर्यटन एवं धार्मिक तीर्थ स्थल पवित्र नगरी अमरकंटक में आज एक बार फिर तेज आंधी तूफान गरज लपका के साथ 1 घंटे की अनवरत मूसलाधार बारिश हुई इसके साथ ही उसी रफ्तार से बड़े- आकार के ओला वर्षा भी हुई । आसमानी बारिश के साथ ही कुदरत का कहर लगभग 50 ग्राम के आसपास का बच्चों के खेलने वाले गोली बंटी से भी बड़े साइज का ओला पत्थर निरंतर गिरते रहे इससे आम जनमानस इस दौरान डरा एवं भयभीत रहा कि कहीं भीषण ओलाबारी एवं अति वर्षा से कच्चा घर छानी छप्पर सीमेंट की चादर सीट ना दरक जाए। उल्लेखनीय है कि कल भी पवित्र नगरी अमरकंटक में बारिश के साथ ओला बारिश भी हुई थी लेकिन आज हुई आंधी तूफान के साथ मूसलाधार वर्षा तथा उसी रफ्तार से बड़े आकार के आसमानी कहर के रूप में ओला पत्थर आज भी गिरे हैं। यह भी लेख है कि पवित्र नगरी अमरकंटक में विगत एक पखवाड़े से वर्षा जब तब हो जा रही है। यह भी गौरतलब है कि 28 अप्रैल को समीपस्थ छत्तीसगढ़ राज्य के गौरेला पेंड्रा में अति ओला बारिश हुई थी वहां काश्मीर एवं हिमाचल जैसा सफेद चादर सा मैदानो में बिछ गया था। ठीक वैसा ही आज पवित्र नगरी अमरकंटक में भी देखने को मिला है आज यहाँ आंधी तूफान के साथ तथा गरज लपक जोरदार वर्षा हुई तथा उसी के साथ ही यहां भारी ओला वर्षा हुई है। समाचार लिखे जाने तक पवित्र नगरी अमरकंटक में वर्षा हो रही है ओला बारिश तो बंद हो गयी है।

### नहीं रहे नाट्य युवा परिषद के भीष्म पितामह

**बिजुरी कॉलरी हरिभूमि न्यूज़।** बिजुरी नाट्य युवा परिषद के भीष्म पितामह के नाम से जाने वाले चेहरा बी.के.सिन्हा नही रहे। सन 1983 से लेकर 2008 तक बिजुरी क्षेत्र के कई कोलियरी में अपनी सेवा देने के साथ साथ युवा नाट्य परिषद की नींव रखी थी एवं सुरक्षा सप्ताह कोल इंडिया के कार्यक्रमों में एक अलग पहचान दिलाई थी। 2008 से 2015 बोकारो करगली में खान प्रबंधक के रूप में अपनी सेवाएं देते हुए सेवानिवृत्त होकर 2015 से मनेंद्रगढ़ में निवासरत थे। 28 अप्रैल 2025 को हृदय गति रुकने के साथ देव लोक गमन कर गए। बी.के. सिन्हा अपने पीछे पूरा भरा परिवार छोड़कर चले गए जिससे परिवारिक माहौल गमगीन है । श्री सिन्हा के यादगार पल और यादगार बाते सभी के दिलों में विद्यमान रहेगी।

### यातायात प्रभारी को तत्काल हटाने विधायक ने मुख्यमंत्री को लिखा पत्र

# अवैध वसूली की प्रभारी यातायात पर भारी

### यातायात प्रभारी की कार्यशैली से परेशान जिले की जनता

**अनूपपुर हरिभूमि न्यूज ।** मध्य प्रदेश शासन के पूर्व मंत्री अनूपपुर विधायक बिसाहूलाल सिंह ने 29 अप्रैल को प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव को पत्र लिखकर अनूपपुर जिले के यातायात प्रभारी श्रीमती ज्योति दुबे को अनूपपुर जिले से तत्काल बाहर स्थानांतरण किए जाने की मांग की है। अनूपपुर विधायक बिसाहूलाल सिंह ने भाजपा युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष रविंद्र राठौर के पत्र का हवाला देते हुए मुख्यमंत्री को प्रेषित पत्र में बताया कि यातायात प्रभारी ज्योति दुबे के द्वारा जिले के अंदर भारी वाहनों से पैसा लेकर नियम विरुद्ध उनका संचालन कराया जा रहा है ड्रिंक एंड ड्राइव के नाम पर वाहन चालकों को जबरन परेशान कर अवैध वसूली की जा रही है और फर्जी मुकदमे कायम किये जा रहे हैं। स्थानीय जनप्रतिनिधियों भाजपा कार्यकर्ताओं तथा निर्दोष आम जनता को प्रताड़ित कर उनसे सड़क पर अवैध वसूली की जा रही है इनकी कार्यशाली से जिले की जनता परेशान है ऐसे भ्रष्ट अधिकारी को तत्काल जिले से बाहर स्थानांतरित किया जाए जिससे कानून व्यवस्था सुचारू रूप से संचालित हो सके।



### यातायात नही अवैध वसूली प्रभारी

भारतीय जनता युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष रविंद्र राठौर ने बताया कि जिले की यातायात प्रभारी श्रीमती ज्योति दुबे जब से पदस्थ हुई है तब से अनूपपुर जिले की यातायात व्यवस्था चरमरा गई है वहीं निर्दोष क्षेत्र की जनता आम जनता एवं भाजपा कार्यकर्ताओं से चालान के नाम पर अवैध रूप से वसूली की जाती है इन्हें जो पैसा देता है उसे छोड़ दिया जाता है और जो नहीं देता है उसके ऊपर मामला पंजीबद्ध किया जाता है। इनकी हिटलर शाही के कारण सड़क पर चलना मुश्किल हो गया है ऐसे भ्रष्ट अधिकारी को तत्काल युवा मोर्चा हटाए जाने की मांग करती है।



बिसाहूलाल सिंह
माननीय डॉ.मोहन यादव जी
मुख्यमंत्री
(बिसाहूलाल सिंह)

### जिले भर में घूम घूम कर हो रही वसूली

शिकायत में बताया गया कि अनूपपुर जिला यातायात प्रभारी श्रीमती ज्योति दुबे के द्वारा अपने कर्मचारियों के माध्यम से पूरे जिले में घूम-घूम कर नाका लगाकर अवैध रूप से मोटर मालिकों से पैसे की वसूली की जा रही है। बड़े वाहनों से हर महीना मोटा रकम लिया जा रहा है जो मोटर मालिक पैसा नहीं देता है केवल उनके विरुद्ध कार्यवाही की जाती है। परिवहन में संलग्न कोयला, रेता, गिट्टी, पत्थर, मुरम, राखड़ तथा सवारी वाहनो से हर महीना मोटी रकम लिया जाता है। अनूपपुर पुलिस अधीक्षक के नाम पर यातायात प्रभारी द्वारा हिटलर शाही रवैया अपनाया जा रहा है।

## छत्तीसगढ़ के राज्यपाल रमेन डेका पहुंचे अमरकंटक

### नर्मदा जी का पूजन अर्चन कर किये दर्शन

**अमरकंटक हरिभूमि न्यूज ।** छत्तीसगढ़ प्रदेश के राज्यपाल महामहिम रमेन डेका मंगलवार को मध्य प्रदेश के प्रमुख पर्यटन एवं धार्मिक तीर्थ स्थल पवित्र नगरी अमरकंटक में पतित पावनी मां नर्मदा जी का पूरे भक्ति भाव के साथ पूजन अर्चन कर दर्शन किया। इस दौरान राज्यपाल रमन डेका नर्मदा उद्गम स्थल मंदिर पहुंचकर उद्गम स्थल मे पूरे विधि विधान भक्ति भाव के साथ नर्मदा उद्गम कुंड में नर्मदा मंदिर के पुजारी कामता प्रसाद द्विवेदी नीलू महाराज ने अपने साथी उमेश द्विवेदी बंटी महाराज सुनील द्विवेदी तथा रूपेश द्विवेदी बबलू के साथ मंत्रोचारण के साथ पूजन अर्चन अभिषेक कराया। तत्पश्चात महामहिम राज्यपाल ने पतित पावनी मां नर्मदा मंदिर में विधिवत भक्ति भाव के साथ पूजन अर्चन दर्शन किया तथा मां पार्वती एवं अमरकंठेश्वर महादेव में पूजन दर्शन किया तथा नर्मदा मंदिर के मंदिर समूह की परिक्रमा कर मंदिर के पीछे विश्रांति किया नर्मदा मंदिर के पुजारियों द्वारा महामहिम को चुनरी ओढ़ कर सम्मान किया गया



तथा भोग प्रसाद दिया गया। इस दौरान उन्होंने पुजारी गणों के साथ फोटो सेशन भी कराया। मां नर्मदा के दर्शन पूजन अर्चन के बाद मध्य प्रदेश एवं छत्तीसगढ़ सीमा पर स्थित धरम पानी चले गए। महामहिम के पवित्र नगरी अमरकंटक प्रवास के दौरान जिला प्रशासन की ओर से अनुविभागीय दंडाधिकारी सुधाकर सिंह बघेल तहसीलदार गौरी शंकर शर्मा अनुविभागीय अधिकारी पुलिस नयन तिवारी नगर निरीक्षक लाल बहादुर तिवारी मुख्य नगर पालिका अधिकारी शिव प्रसाद सिंह धुर्वे उप निरीक्षक पी एस बघेल हल्का पटवारी अमरकंटक अश्वनी तिवारी मंदिर प्रभारी गणेश पाठक सहायक उप निरीक्षक अरुण तिवारी आदि सभी उपस्थित रहे।

## देश के सभी मठ मन्दिर सरकारी नियंत्रण से मुक्त हों - रामकृष्ण नेटके

### विश्व हिंदू परिषद शहडोल विभाग की बैठक अनूपपुर में संपन्न

**अनूपपुर हरिभूमि न्यूज ।** जिला मुख्यालय में 27 अप्रैल को को विश्व हिंदू परिषद महाकौशल प्रांत शहडोल विभाग की विभाग बैठक अनूपपुर जिले में संपन्न हुई। विभाग बैठक में मंच में केंद्रीय अधिकारी विहिप अरुण रामकृष्ण नेटके केंद्रीय सहमंत्री (मठ मंदिर एवं अर्चक पुरोहित विशेष संपर्क प्रमुख) केंद्र भोपाल, जितेंद्र वर्मा, प्रांत संगठन मंत्री विहिप केंद्र जबलपुर एवं बालमीक जायसवाल ,विभाग मंत्री शहडोल केंद्र शहडोल मुख्य रूप से उपस्थित रहे। विभाग बैठक में उमरिया शहडोल एवं अनूपपुर के जिला अध्यक्ष देवेंद्र सोनी, सुरेश द्विवेदी एवं प्रांत-विभाग एवं जिले टोली से लेकर प्रखंड स्तर के कार्यकर्ता इस बैठक में उपस्थित रहे।केंद्रीय मंत्री नेटके जी ने कहा कि विश्व हिंदू परिषद पूरे भारत वर्ष में एक विशेष संकल्प लिया है कि हमारे जितने भी मठ मंदिर सरकार के अधीन है उन सभी मठ मन्दिरों को सरकार के नियंत्रण से मुक्त करना। यह अभियान हैदराबाद में आयोजित केंद्रीय बैठक में तिरुपति बालाजी मंदिर से शुरू किया गया है। श्री नेटके ने कहा वि.हि.प. के सभी जिला प्रखंड समितियों को स्वयं का सेवा कार्य शुरू करना चाहिए, जैसे शिक्षा संस्कार केंद्र, संस्कृत भाषा युक्त शिक्षा कार्य,धर्म के प्रचार प्रसार हेतु स्कूलों में रामायण प्रतियोगिता परीक्षा का आयोजन करना जिला प्रखंड के हर समितियों में सत्संग कार्य शुरू करना और सामाजिक जागरूकता हेतु धर्म यात्रा का आयोजन करना चाहिए । नेतके जी ने कहा हिंदू समाज का धर्मान्तरण बड़े स्तर में यह कार्य चल रहा है उसको हम सेवा कार्य एवं धर्म जागरण के माध्यम से ही रोक सकते है। प्रांत संगठन मंत्री जितेंद्र द्वारा अगले जिला बैठक के पहले हर जिले के जिला प्रखंड एवं खंड टोली पूर्ण करने हेतु कहा गया और जिले में एक स्थाई सेवा कार्य व संस्कार केंद्र प्रारंभ करने हेतु कहा गया। विभाग मंत्री बालमीक जायसवाल द्वारा शहडोल विभाग के तीनों जिले अनूपपुर उमरिया शहडोल में जिला व प्रखंड के नवीन दायित्व की घोषणा की गई जिसमें सभी उपस्थि कार्यकर्ताओं द्वारा ॐ के साथ समर्थन किया गया। उक्त विभाग बैठक में तीनों जिले के जिला प्रखंड से अध्यक्ष उपाध्यक्ष, मंत्री, सहमंत्री कोषाध्यक, बजरंग दल संयोजक, दुर्गा वहनीय संयोजिका, मातृशक्ति संयोजिका एवं सतसंग प्रमुख जैसे दायित्व वान कार्यकर्ता एवं अन्य सदस्य उपस्थित रहे। विभाग बैठक संचाल टोली अनूपपुर रोशन पूरी प्रांत सदस्य, जय सिंह विभाग संयोजक, कल्याण सिंह जिला उपाध्यक, अक्षय सिंह जिला संयोजक, जिला सहमंत्री ज्ञान चन्द जायसवाल, प्रकाश सोनी, प्रिंस जायसवाल आदि उपस्थित रहे।

# भगवान श्री परशुराम जयंती अक्षय तृतीया पर्व पर बटुकों का उपनयन संस्कार आज

### ब्राम्हण समाज सेवा समिति अनूपपुर द्वारा निकाली जाएगी शोभा यात्रा

**अनूपपुर हरिभूमि न्यूज ।** आज 30 अप्रैल बुधवार वैशाख मास शुक्ल पक्ष तृतीया तिथि (अक्षय तृतीया) को भगवान श्री परशुराम जयंती के पावन अवसर पर शायं 5 बजे से जिला मुख्यालय स्थित अमरकंटक चौक आशीर्वाद मैरिज गार्डन से भगवान विष्णु के छठवें अवतार परशुराम जी स्वामी के जन्मोत्सव पर भव्य एवं पारंपरिक शोभा यात्रा निकाली जाएगी। भगवान परशुराम जी के पूजन उपरांत पुण्य श्लोकों का पाठन कर यात्रा प्रारम्भ होगी, जो शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए शंकर मंदिर चौक पहुंचेगी। जहाँ भगवान परशुरामजी के पूजन उपरांत यात्रा अमरकंटक तिराहा मे सम्पन्न होगी। इस यात्रा में जिले के समस्त विप्र बंधुओं और गणमान्य जनों को आमंत्रित किया गया है। इसके पश्चात कार्यक्रम स्थल आशीर्वाद मैरिज गार्डन मे सायं 8 बजे से विशाल भण्डारा का आयोजन किया गया है। सम्पन्न होगा 51 बटुकों क सामूहिक उपनयन संस्कार 30 अप्रैल को अक्षय तृतीया भगवान परशुराम जयंती के पावन अवसर पर अनूपपुर में 51 बटुकों के सामूहिक उप नयन संस्कार का आयोजन वार्ड क्रमांक 13, अमरकंटक चौक के पास आशीर्वाद मैरिज गार्डन में किया जाएगा। यह सभी बटुक गण जिले के अलग - अलग स्थानों से यहाँ पधारेंगे। आचार्यों के कुशल मार्गदर्शन में आयोजन समिति सामूहिक उप नयन संस्कार की तैयारी विगत कई माह से कर रही है। ब्राम्हण समाज को कुरीतियों और अपव्यय से बचाने के लिये समाज विगत कई वर्ष से जन मानस तैयार कर रहा है। इसमे सामूहिक विवाह, दिन में विवाह, सामूहिक उपनयन संस्कार, दहेज मुक्त विवाह, नशा मुक्त समाज निर्माण जैसे सुविचारों को आत्मसात किया गया है। जिले मे पहली बार इतनी बडी संख्या में बटुकों का सामूहिक उपनयन संस्कार आयोजित किया जा रहा है। स्वामी लवलीन महाराज का प्राप्त होगा आशीर्वाद परमहंस आश्रम अमरकंटक के संत स्वामी श्री लवलीन महाराज इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि होंगे।वे आयोजन मे उपस्थित लोगों और बटुकों को आशीर्वाद प्रदान करेंगे। ब्राम्हण समाज सेवा समिति अनूपपुर के अध्यक्ष राम प्रकाश द्विवेदी ने बतलाया कि ब्राह्मण समाज सेवा समिति अनूपपुर के गणमान्य पदाधिकारियो एवं सदस्यों द्वारा समाज कल्याण के लिये 30 अप्रैल को भगवान परशुराम जन्मोत्सव एवं उपनयन संस्कार कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। प्रातः 7 से रात्रि 9 तक चलेगा आयोजन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि स्वामी श्री लवलीन महाराज, परम हंस आश्रम शाखा अमरकंटक, अध्यक्षता जगत गुरु महाराज श्री दंडी महाराज जी हनुमान जी धाम खाम्हीडोल द्वारा किया जाएगा। कार्यक्रम आशीर्वाद मैरिज गार्डन अमरकंटक चौक बस्ती रोड अनूपपुर में प्रातः 7 बजे से प्रारम्भ कर दिया जाएगा। कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपनयन संस्कार की संपूर्ण तैयारी कर ली गई है । जिसमें जिले भर से शामिल 51 बटुकों का उपनयन संस्कार किया जाएगा। तत्पश्चात दोपहर 1 बजे सहभोज कार्यक्रम उपरांत सायं 5 बजे से भगवान भगवान परशुराम की शोभा यात्रा अमरकंटक चौक से इंदिरा चौक, शंकर मंदिर होते हुए किया जाएगा। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि प्रेम कुमार त्रिपाठी, संरक्षक ब्राह्मण समाज सेवा समिति, शरामनरेश त्रिपाठी वरिष्ठ अधिवक्ता, शंभू प्रसाद शर्मा, पूर्व महामंत्री ब्राह्मण समाज सेवा समिति, प्रमोद शर्मा संरक्षक ब्राह्मण समाज सेवा समिति, श्रीमती प्रवीण द्विवेदी पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष, श्रीमती सुधा शर्मा संरक्षक ब्राह्मण समाज सेवा समिति के आतिथ्य मे मंचीय कार्यक्रम किया जाना तय हुआ है। समिति के अध्यक्ष रामप्रकाश द्विवेदी , महामंत्री अनिल तिवारी, संगठन मंत्री ब्रजभूषण शुक्ला सहित सभी पदाधिकारियो ने जिले के सभी ब्राह्मण बन्धुओं माताओं बहनों एवं भाइयों से विनम्र अपील की है। कार्यक्रम में ज्यादा से ज्यादा संख्या में उपस्थित होकर उपनयन संस्कार एवं भगवान परशुराम जन्मोत्सव कार्यक्रम को सफल बनाएं।

## अक्षय तृतीया के सन्दर्भ में विशेष निगरानी रखने हेतु अभियान चलाये जाने की आवश्यकता



**अनूपपुर हरिभूमि न्यूज ।** बाल विवाह मुक्त भारत अभियान अंतर्गत जिले में "अक्षय तृतीया" के सन्दर्भ में विशेष निगरानी रखने हेतु अभियान चलाये जाने की आवश्यकता है। इसके अंतर्गत एक्सेस टू जस्टिस प्रोजेक्ट फार चिल्ड्रन कार्यक्रम प्रमुख सुशील शर्मा द्वारा विभिन्न स्तरों पर नियुक्त बाल विवाह प्रतिषेध अधिकारीयों का प्रशिक्षण, समुदाय स्तर पर पंचायत एवं स्व सहायता समूह में जागरूकता बैठक, बाल विवाह के विरुध्द सामूहिक शपथ तथा जागरूकता रैली आदि कार्यक्रमों का नियोजन किया जा रहा है। साथ ही विवाह में संलग्न स्टेक होल्डर प्रिंटिंग प्रेस, कैटरर्स, ब्यूटी पार्लर, बैण्ड बाजा, टेन्ट, नाई, पण्डित आदि को यह सुनिश्चित कर के ही विवाह में अपना कार्य करना है कि वहां बाल विवाह नहीं हो रहा है ऐसा प्रमाण पत्र लेना है। साथ ही आयु निर्धारण के लिये जे.जे.एक्ट में प्रावधानित दस्तावेज ही मान्य करने हैं इस प्रकार बाल विवाह मुक्त जिला बनाने में अपना सहयोग प्रदान करने की सबसे अपील की गई है।

## रेलवे मजदूर कांग्रेस ने पहलगांव घटना पर जताया दुख



**अनूपपुर हरिभूमि न्यूज।** भारत देश में अनेकता जो एकता वहीं भारत की लोकतंत्र की मजबूत जड़ है। 22 अप्रैल को पहलगांव काश्मीर मे जो आतंकवादी दुर्भाग्यपूर्ण घटना घटी है वह हमारे दुश्मन मुल्क की एक सोची समझी साजिश के तहत आतंकवादियों ने जानबूझकर धर्म पूछकर आम नागरिकों की हत्या की है उनका मकसद यही था इस तरह से धर्म पूछकर हत्या करने से भारत देश के अंदर हिंदू मुस्लिम के दंगा फसाद होगा भारत देश कमजोर होगा पर इसी आतंकवादी घटना में एक काश्मीर के नागरिक ने आतंकवादियों के निर्दोष नागरिकों के हत्या का विरोध करते हुए शहीद हो गए ओर भारत अनेकता में एकता की बेहतरीन मिसाल कायम कर एक संदेश दिया, भारत के नागरिक बहुत समझदार है आतंकवादी के मकसद को हम सब सफल नहीं होने देंगे भारत के अंदर अनेकता में एकता को मजबूत करेंगे इस घड़ी में पुरा देश अपने भारत सरकार के साथ एकजुट होकर साथ खड़ा है, इस घटना में शहीद हुए सभी नागरिकों को रेलवे मजदूर कांग्रेस बिलासपुर शाखा अनूपपुर अपनी श्रद्धांजलि अर्पित करती उक्त उद्गार रेलवे मजदूर कांग्रेस शाखा अनूपपुर द्वारा 28 अप्रैल को अनूपपुर स्टेशन में मजदूर कांग्रेस के महामंत्री पीतांबर लक्ष्मी नारायण एवं मंडल समन्वयक बिलासपुर विजय अग्निहोत्री के निर्देश पर पहलगांव आतंकी घटना में शहीद नागरिकों श्रद्धांजलि सभा में रेलवे मजदूर कांग्रेस बिलासपुर के जोनल कार्यकारी अध्यक्ष लक्ष्मण राव ने कही। श्रद्धांजलि सभा में उपस्थित सभी रेलवे कर्मचारी एवं एसटी एससी एसोसिएशन, असंगठित कामगार कर्मचारी संगठन के कर्मचारियों ने मोमबत्ती जलाकर कर पुष्पांजलि अर्पित मृतकों को श्रद्धांजलि दी इस शोक सभा में रेलवे मजदूर कांग्रेस शाखा अनूपपुर के अध्यक्ष सिराज मंसूरी, शाखा सचिव जयंतो दास गुप्ता, अन्य पदाधिकारी सर्व विवेक राय, रामबली, संतोष पनगरे, सदाशिव पांडे, एस संजीव राव, शंकर राठौर, चलपती राव, थानू सिंह, राजेन्द्र राठौर, सुर्या राव, कामगार कर्मचारी संगठन के नेता अजय चौधरी शहडोल शाखा सचिव बालकृष्ण बंगारी, दीपक बाक्ची, अनूप कुमार सोनटके, आदि ने भी श्रद्धांजलि अर्पित की।

### गर्मी में इनके सेवन से हिस्टमीन नामक केमिकल शरीर में करता प्रवेश

# पैकेट बंद चिप्स-कुरकुरे और जंक फूड बच्चों को दे रहा इनफेक्शन

## गंभीर बीमारियों से पीड़ित बच्चे इलाज को पहुंच रहे अस्पताल

**अनूपपुर/कोतमा हरिभूमि न्यूज।** गर्मी में जंक फूड आपके बच्चों को बीमार बहुत बीमार कर सकता है। गर्मी के मौसम में जंक फूड के तत्व शरीर में तमाम तरह की दिक्कतें पैदा करते हैं, जिससे उन्हें इन्फेक्शन पेट संबंधी बीमारी और त्वचा संबंधी अन्य रोग घेर रहे हैं। इसके अलावा पेट संबंधी बीमारियां भी बच्चों की हालत ज्यादा खराब कर रही हैं। जंकफूट के अलावा चिप्स, कुरकुरे, मैगी ममोज जैसी चीजों में ऐसे तत्व मिले होते हैं जो उसे और तीखा व चटपटा बनाते हैं। ये तीखे तत्व ही गर्मी में हिस्टमीन नामक केमिकल शरीर में प्रवेश करते हैं। यही केमिकल लाल चकत्तों के जिम्मेदार हैं जिसमें खुजली होती है। संभाग के वरिष्ठ रेडियोलोजिस्ट डॉ सोम शंकर पाण्डेय ने बताया कि इस समय बच्चों में पेट से संबंधित बीमारियों के मैक्सिमम केस ज्यादा मिल रहे है,जिनमें पीलिया,टाइफाइड,लिवर से संबंधित बीमारियां, हेपटाइटिस जैसे बीमारियां ज्यादा मिल रहा है। जिनका मुख्य कारण मोमोज, दूषित पानी, स्ट्रीट फूड, जंक फूड व पैकेट बंद खाद्य पदार्थ,और साफ सफाई न रखना है,इस समय हमारे पास सोनोग्राफी करवाने परिजनों के द्वारा अपने को लेकर आते हैं ज्यादातर बच्चों में पेट से संबंधित बीमारियां ज्यादा देखने को मिल रही है। उन्होंने बताया कि साफ सफाई रखकर और बच्चों को घर में ही उनके पसंदीदा खाना बनाकर खिलाने और स्ट्रीट व जंक फूड से बचने की सलाह दिए है, वहीं जिला चिकित्सालय अनूपपुर में पदस्थ शिशु रोग विशेषज्ञ चिकित्सक डॉ वीरेंद्र खेस्स ने बताया कि इस समय आमतौर पर बच्चों में पेट से संबंधित बीमारियां ज्यादा निकलकर सामने आ रही है, जिसका मुख्य कारण दूषित पानी, पैकेट बंद फूड आइटम, जंक फूड, स्ट्रीट फूड, डिब्बे बंद खाद्य पदार्थ और गर्मी के कारण खाना जल्दी खराब हो जाता है जिसके कारण भी बच्चे जल्दी बीमार पड़ जाते है। वर्तमान में सर्वाधिक मरीज पेट से संबंधित और टाइफाइड, हेपेटाइटिस, पीलिया, लीवर संबंधित बीमारियां और उल्टी दस्त जैसे शिकायतें लेकर आ रहे है। बच्चों को गर्मी के मौसम को देखते हुए तरल पदार्थ खीरा ककड़ी टमाटर मूली गाजर तरबूज के सेवन के साथ ही पर्याप्त मात्रा मे पानी पिलाना चाहिए। उन्होंने बताया कि बच्चों को विशेषकर इस समय में घर का ही खाना दे,बाहर खाने से बचे, बच्चों को पैक्ड फूड आइटम और डिब्बे बंद खाद्य पदार्थ से परहेज करें व साफ पानी पीए और साफ सफाई रखकर इस प्रकार की बीमारियों से बचा जा सकता है। निगवानी स्वास्थ्य केंद्र मे पदस्थ डा विकास पाण्डेय का कहना है कि इन दिनों जंक फूड से पीड़ित ज्यादा बच्चे अस्पताल आ रहे हैं। उन्हें पेट में दर्द के साथ उल्टी की भी शिकायत है। लिवर में भी समस्या बढ़ रही है। बच्चों को पैकेट बंद खाद्य पदार्थ के सेवन से बचाना चाहिए चिप्स कुरकुरे मोमोज जैसे खाद्य पदार्थ बच्चों के स्वास्थ्य के लिए घातक हैं। डॉ .राजकुमार तिवारी का कहना है कि जो बच्चे अधिक जंक फूड खाते हैं उनके लिए गर्मी में ज्यादा दिक्कत होगी। ज्यादा चॉकलेट और चिप्स का सेवन करने वालों को गैस्ट्रो और लिवर सम्बंधी दिक्कत हो रही है। बच्चों में भी एसिडिटी की समस्या हो रही है। ऐसे परिजनों के द्वारा अपने बच्चों का इलाज कराने प्रतिदिन पहुंच रहे हैं। ऐसे खाद्य पदार्थों के सेवन से पीलिया आंतो मे इन्फेक्शन सूजन एवं हेपेटाइटिस ए बीमारी से ग्रसित हो रहे हैं। परिजन बच्चों को पैकेट बंद खाने की सामग्रियों एवं ममोज जैसे हानिकारक खाद्य पदार्थों के सेवन से बचायें। जंक फूट और फास्ट फूड को मिल रहे बढ़ावे ने यह दिक्कत पैदा कर दी है। बाजार में चाऊमीन, मोमोज, स्प्रिंग रोल व अन्य जंक फूड व फास्ट फूड का चलन जोरों पर है। घरों में भी इसे अपनाया जा रहा है। बच्चों को नाश्ते में सब्जी पराठा की जगह पास्ता या मैगी बनाकर दे दिया जाता है। बनने में आसान और स्वाद में बेहतर होने के चलते बच्चों की मांग को घर वाले मना नहीं कर पाते। धीरे-धीरे इससे शरीर में परेशानी होने लगती है । बाजार में बिकने वाले जंक फूड में घटिया सामग्री का इस्तेमाल होता है। बर्गर, मोमोज और चाऊमीन में ज्यादातर प्रतिबंधित चीजों का इस्तेमाल होता है। खाद्य एवं औषधि विभाग की अनदेखी के चलते धड़ल्ले से इनका प्रयोग होता है। सस्ती होने के कारण दुकानदार इनका प्रयोग ही करता है। खाने वालों को इससे कोई मतलब नहीं होता कि इस्तेमाल होने वाली चीज का मानक क्या है, उन्हें तो बस स्वाद चाहिए। बच्चों मे बढती पेंट एवं लिवर संबंधित बीमारी की समस्या से परेशान परिजनों ने बाजार मे बिक रहे ऐसे जंक फूड की दुकानों की जांच करवाते हुए कार्यवाही करने की मांग की है।